● जयपुर, मंगलवार, 8 अक्टूबर 24 ● वर्ष 14 ● अंक 53 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com

डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950

दैनिक राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त

सच के साथ मजबूती से बढ़ाये कदम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित

अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

विज्ञापन के लिए : 93145 05000

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''

● **स्वामी विवेकानंद**


पेज @ 3 भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करने में सोशल मीडिया एक ...

पेज @ 4 अनियमिताओं के प्रकरणों में दोषियों पर हो अविलम्ब कार्यवाही...

पेज @ 8 उदयपुर में सुखेर पुलिस ने निर्माणाधीन मकानों से चोरी करने ...

**न्यूज़ अपडेट**

## मशहूर बिजनेसमैन रतन टाटा की बिगड़ी तबीयत, मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल में भर्ती



**मुंबई/एजेंसी।** भारत के प्रतिष्ठित उद्योगपति और टाटा समूह के पूर्व चेयरमैन रतन टाटा की तबीयत अचानक बिगडने के बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। अस्पताल सूत्रों के मुताबिक, रतन टाटा को रविवार रात सांस लेने में तकलीफ हुई, जिसके बाद उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया। उनकी हालत को देखते हुए उन्हें आईसीयू में शिफ्ट किया गया है।

रतन टाटा के स्वास्थ्य की निगरानी एक विशेष मेडिकल टीम कर रही है। डॉक्टरों का कहना है कि उनकी हालत स्थिर है, लेकिन अभी भी उन्हें आईसीयू में रखा गया है। उनकी मेडिकल रिपोर्ट्स का विश्लेषण किया जा रहा है और उन्हें जल्द ही अस्पताल से छुट्टी मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

## हरियाणा-कश्मीर के चुनाव नतीजों से पहले मुसलमानों से बोले किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली/एजेंसी।** मोदी सरकार के वरिष्ठ मंत्री और तीसरे कार्यकाल में संसदीय कार्य मंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे किरेन रिजिजू ने हरियाणा और जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव से पहले एक बड़ी वॉर्निंग दी है। उन्होंने आईएएनएस को दिए इंटरव्यू में कांग्रेस पार्टी पर हिंदुओं को बांटने के साथ मुस्लिम तुष्टिकरण का भी आरोप लगाया। इसके साथ ही वीडियो शेयर करते हुए रिजिजू ने अंग्रेजी की दो लाइनें लिखीं। पहले में उन्होंने मुसलमानों को वॉर्निंग देते हुए कहा, दूसरी लाइन में उन्होंने हिंदुओं और अन्य को वॉर्निंग दी।

## अंबाजी से लौट रही यात्रियों से भरी बस पलटी, 4 की मौत, 25 घायल

**बनासकांठा/एजेंसी।** अंबाजी मंदिर से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक बस सोमवार को बनासकांठा जिले में भीषण सड×क हादसे का शिकार हो गई। बस पलटने से 4 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 से अधिक लोग घायल हो गए। हादसा इतना गंभीर था कि कुछ घायलों की स्थिति नाजुक बताई जा रही है। यह दुर्घटना तब हुई जब श्रद्धालु अंबाजी मंदिर से दर्शन कर वापस लौट रहे थे। बनासकांठा के पास बस अनियंत्रित होकर पलट गई। मौके पर चीख-पुकार मच गई और स्थानीय लोग और पुलिस तुरंत बचाव कार्य में जुट गए। घायलों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां कई की हालत गंभीर बनी हुई है।

### गृहमंत्री ने उग्रवाद से प्रभावित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों व वरिष्ठ अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

# नक्सली मानवाधिकार के सबसे बड़े दुश्मन : अमित शाह

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को कहा कि नक्सली मानवाधिकार के सबसे बड़े उल्लंघनकर्ता हैं, मानवाधिकार के दुश्मन हैं। उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल नक्सलियों के खिलाफ रक्षात्मक के बजाय आक्रामक अभियान चला रहे हैं और हाल के दिनों में उन्हें बड़ी सफलताएं मिली हैं।

अमित शाह ने नई दिल्ली में स्थित विज्ञान भवन में वामपंथी उग्रवाद से प्रभावित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उपमुख्यमंत्रियों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में बेहतर केंद्र-राज्य समन्वय से नक्सलवाद को देश से पूरी तरह से समाप्त किया जा रहा है। सुरक्षा स्थिति में सुधार के कारण पिछले लोकसभा चुनाव में माओवाद प्रभावित क्षेत्र में 70 प्रतिशत तक मतदान हुआ। इससे पहले इस क्षेत्र में शून्य मतदान हुआ था।



### 2026 तक नक्सली का पूरी तरह सफाया

केंद्रीय गृहमंत्री ने नक्सलवाद को देश से पूरी तरह समाप्त करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए नक्सल प्रभावित राज्यों से कहा कि वे नियमित अंतराल पर विकास और सुरक्षा पहलों की समीक्षा करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि मार्च 2026 तक इस समस्या का पूरी तरह उन्मूलन हो जाए।

### छत्तीसगढ़ सरकार की सराहना, आत्मसमर्पण में आयी तेजी

केंद्रीय गृह मंत्री ने इस मौके पर छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सलवाद से निपटने में सफलता के लिए सराहना की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, पुलिस महानिदेशक और पूरी टीम को बधाई दी। शाह ने कहा कि जनवरी से अब तक छत्तीसगढ़ में 194 नक्सली मारे गए, 801 गिरफ्तार हुए और 742 ने आत्मसमर्पण किया है। इसके साथ ही उन्होंने नक्सलवाद से जुड़े युवाओं से हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल होने की अपील की। उन्होंने कहा कि चाहे पूर्वोत्तर हो या जम्मू-कश्मीर, करीब 13000 नक्सली और आतंकी हथियार छोड़कर मुख्यधारा में शामिल हो चुके हैं।

### विकास कार्यों पर बढ़ाया खर्च

उन्होंने कहा कि सुरक्षा संबंधी व्यय (एसआरई) योजना के तहत 2004-2014 के बीच इस योजना पर 1180 करोड़ रुपये खर्च किए गए, जबकि 2014-2024 के बीच हमने 3,006 करोड़ रुपये खर्च किए हैं, जो लगभग तीन गुना है। एसआरई मुख्य योजना है जो नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों में योगदान देती है। विशेष केंद्रीय सहायता योजना के तहत हमने पिछले दशक में 3590 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। शाह ने कहा कि 2019 से पहले सैनिकों के लिए दो हेलीकॉप्टर तैनात थे, लेकिन आज इनकी संख्या बढ़कर 12 हो गई है, जिसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के छह और वायुसेना के छह हेलीकॉप्टर शामिल हैं, जो सैनिकों की मदद करते हैं।

### हर माह होगी समीक्षा बैठक

नक्सल प्रभावित राज्यों में छत्तीसगढ़, ओडिशा, तेलंगाना, महाराष्ट्र, झारखंड, बिहार, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश शामिल हैं। शाह ने नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए हर महीने बैठक करने का निर्देश दिया। बैठक में नक्सल प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों को निर्देश दिया गया कि वे विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिए हर महीने बैठक करें।

# टाइगर सफारी से पर्यटन के क्षेत्र में नई शुरूआत : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

## -मुख्यमंत्री ने किया नाहरगढ़ में टाइगर सफारी का लोकार्पण

**जयपुर/एजेंसी**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को जयपुर के नाहरगढ़ में टाइगर सफारी का फीता काटकर लोकार्पण किया। प्रदेशवासियों को मिली इस सौगात से अब वन्य जीव प्रेमी टाइगर सफारी का आनंद ले सकेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने नाहरगढ़ जैविक उद्यान में दो बाघ शावकों का नामकरण भी किया। मुख्यमंत्री ने मादा बाघ शावक का नाम 'स्कंदी' तथा नर बाघ शावक का नाम 'भीम' रखा।

शर्मा ने प्रदेशवासियों को 2 अक्टूबर से 8 अक्टूबर तक मनाए जा रहे वन्य जीव सप्ताह की बधाई देते हुए कहा कि वन्य जीवों की रक्षा तथा प्रकृति को संजोए रखना हम सभी का कर्श्रव्य है। इस वन्यजीव सप्ताह में विद्यार्थियों को बायोलॉजिकल पार्कों में निःशुल्क प्रवेश दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वन विभाग और जेडीए के संयुक्त प्रयासों से आज शुरू हो रहे टाइगर सफारी से प्रदेश में पर्यटन को एक नई शुरूआत मिली है। साथ ही, इससे बाघों के संरक्षण एवं संवर्धन को भी बढ़ावा मिलेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान वन्यजीवों के संरक्षण, संवर्धन पर विशेष जोर दे रहा है। प्रदेश में तीन नेशनल पार्क, 26 अभयारण्य, 36 कन्जर्वेशन रिजर्व तथा 4 बायोलॉजिकल पार्क विकसित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा निरंतर किए जा रहे बाघों के संरक्षण के प्रयासों से उनकी आबादी बढ़ रही है। राजस्थान राज्य में लगभग 130 बाघ हैं। उन्होंने कहा कि जेडीए ने जयपुर जिले में दो नए पार्क विकसित किए हैं। जिसमें जीरोता में नगर वन एवं नेवटा के पास बायोडायवर्सिटी पार्क शामिल हैं। इससे आसपास की 5 लाख की आबादी लाभान्वित होगी।

शर्मा ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान और 'मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाअभियान' के तहत 7 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 'हरियालो मिशन' के तहत लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। जिसके तहत आगामी पांच वर्षों में प्रत्येक वर्ष 10 करोड़ पौधारोपण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने जनता से जो वादे किए हैं उनको लगातार पूरा किया जा रहा है। हमने एक वर्ष में एक लाख भर्तियों तथा आगामी पांच वर्षों में चार लाख भर्तियों की घोषणा की थी। जिसके तहत कैबिनेट बैठक में एक साथ 90 हजार पदों पर भर्तियों का रास्ता खुला है जो हमारे दृढसंकल्प को दर्शाता है।

शर्मा ने अधिकारियों को नाहरगढ़ जैविक उद्यान में रोशनी एवं वन्यजीवों के लिए पानी तथा उद्यान के समुचित रख-रखाव के लिए कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। इससे पहले शर्मा ने परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण किया। उन्होंने इस दौरान विभिन्न स्कूलों से जैविक उद्यान में भ्रमण हेतु आए बच्चों से मुलाकात भी की।

7 किलोमीटर के ट्रैक में वन्यजीव प्रेमी निहारेंगे बाघ को

राज्य सरकार द्वारा 453 लाख रुपये की लागत से 30 हेक्टेयर में टाइगर सफारी विकसित की गई है। इस टाइगर सफारी में 7 किलोमीटर का सफारी ट्रैक विकसित किया गया है। यह सफारी सैलानियों को प्राकृतिक वातावरण में बाघों की खूबसूरती को अनुभव करने का अवसर देगी तथा लोगों में बाघ संरक्षण के बारे में जागरूकता का प्रसार होगा। उल्लेखनीय है कि नाहरगढ़ वन्य जीव अभयारण्य 5 हजार 240 हेक्टेयर में फैला हुआ है। जिसमें नाहरगढ़ जैविक उद्यान 720 हेक्टेयर में विकसित किया गया है। इसमें पहले से ही लॉयन सफारी स्थापित है।

समारोह में नगरीय विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा, विधायक प्रशांत शर्मा, जयपुर नगर निगम हेरिटेज महापौर कुसुम यादव, प्रधान मुख्य वन संरक्षक अरिजीत बनर्जी सहित बड़ी संख्या में वन्य जीव प्रेमी उपस्थित रहे।



मुख्यमंत्री ने किया बाघ शावकों का नामकरण, नर बाघ शावक का नाम 'भीम' तथा मादा बाघ शावक का नाम 'स्कंदी' रखा

## पंजाब में फायरिंग, आम आदमी पार्टी के युवा नेता को गोलियों से भूना, मौत



**अमृतसर/एजेंसी।** पंजाब में 'आम आदमी पार्टी' के एक नेता को गोली मारे जाने की बड़ी खबर सामने आई है। पट्टी विधानसभा क्षेत्र के गांव तलवंडी मोहर सिंह के 'आम आदमी पार्टी' से जुड़े युवा नेता राजविंदर सिंह को गांव ठक्करपुरा के पास रास्ते में रोक कर गोलियां मारी गईं। सूत्रों के अनुसार, ब्लॉक कार्यालय से अपनी कार में गांव लौटते समय ये हमला हुआ। इस हमले में राजविंदर सिंह के एक साथी को भी गोली लगी है। राजविंदर सिंह को गंभीर हालत में पट्टी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया।

मौके पर मौजूद लोगों ने बताया कि तीन हमलावर आए। जिन्होंने पहले रास्ते में राजविंदर सिंह से हाथ मिलाया और फिर उन पर गोलियां चला दीं। हमलावरों ने अपने चेहरे नहीं ढके थे, और वारदात को अंजाम देने के बाद वे फरार होने में सफल हो गए। राजविंदर सिंह शादीशुदा थे और उनकी एक छोटी बच्ची है। यह भी खबर है कि राजविंदर सिंह का गांव तलवंडी मोहर सिंह पंचायत चुनावों में एस. सी. कैटेगरी के लिए आरक्षित था, लेकिन राजविंदर सिंह की सक्रिय भूमिका के कारण ही गांव में एक दलित महिला को सर्वसम्मति से सरपंच चुना गया था।

**द्विपक्षीय वार्ता** भारत और मालदीव के बीच प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता

# रुपे कार्ड से भारत-मालदीव स्थानीय मुद्राओं में कारोबार करेंगे

**एजेंसी**

● पांच करार पर हुआ समझौता, रुपे कार्ड से भुगतान शुरू
● मालदीव बेंगलुरु में वाणिज्य दूतावास खोलने को इच्छुक

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के बीच सोमवार को व्यक्तिगत एवं प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इस दौरान दोनों देशों के बीच करंसी स्वैप, कानून प्रवर्तन, भ्रष्टाचार निरोधी, न्यायिक अधिकारियों के प्रशिक्षण और खेल क्षेत्र में सहयोग से जुड़े पांच करार हुए। दोनों नेता मालदीव में रुपे कार्ड से भुगतान की व्यवस्था के लांच के साक्षी बने। साथ ही मालदीव के हनीमाधू अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के न्यू रनवे का उद्घाटन किया गया और एक्सिम बैंक बायर्स क्रेडिट फैसिलिटी के माध्यम से तैयार किए गए 700 विशेष घरों को हस्तांतरित किया गया।



प्रधानमंत्री मोदी और मेहमान नेता मोहम्मद मोइज्जू के बीच आज दिल्ली के हैदराबाद हाउस में वार्ता हुई। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने साझा प्रेस व्यक्तव्य दिया। इस दौरान दोनों देशों के बीच समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान हुआ।

प्रधानमंत्री ने अपने वक्तव्य में बताया कि दोनों देशों ने मुक्त व्यापार समझौते पर चर्चा करने का निर्णय लिया है। हम स्थानीय मुद्रा में व्यापार करने पर भी काम करेंगे। इसके अतिरिक्त डिजिटल कनेक्टिविटी पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। दोनों देश मिलकर एक उज्जवल भविष्य के निर्माण के लिए काम करेंगे। उन्होंने कहा कि भारत अड्डू में और मालदीव बेंगलुरु में वाणिज्य दूतावास खोलने को लेकर इच्छुक है।

### 'पड़ोसी प्रथम' की नीति और 'सागर' विजन में भी मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान : मोदी

उन्होंने कहा कि भारत और मालदीव के संबंध सदियों पुराने हैं। भारत, मालदीव का सबसे करीबी पड़ोसी और घनिष्ठ मित्र देश है। हमारी 'पड़ोसी प्रथम' की नीति और 'सागर' विजन में भी मालदीव का महत्वपूर्ण स्थान है। आज हमने अपने आपसी सहयोग को रणनीतिक दिशा देने के लिए एक व्यापक, आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी दृष्टिकोण अपनाया है। पड़ोसी प्रथम की भारत सरकार की नीति का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत ने सदैव मालदीव के लिए पहले मददगार की भूमिका निभाई है। मालदीव के लोगों के लिए आवश्यक सामग्री की जरूरत पूरा करना हो, प्राकृतिक आपदा के समय पीने का पानी उपलब्ध कराना हो, कोविड के समय वैक्सीन देने की बात हो, भारत ने हमेशा अपने पड़ोसी होने के दायित्व को निभाया है। उन्होंने कहा कि जलवायु परिवर्तन दोनों देशों के लिए बड़ी चुनौती है। इस संबंध में, भारत मालदीव के साथ सौर और ऊर्जा दक्षता के संबंध में अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार है। आने वाले समय में भारत और मालदीव यूपीआई के जरिए जुड़ेंगे। एकथा हार्बर प्रोजेक्ट में तेजी से काम किया जा रहा है। हिंद महासागर क्षेत्र में स्थिरता और समृद्धि के लिए हम मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बलों के प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण की दिशा में अपना सहयोग जारी रखेंगे।

## प्रधानमंत्री मोदी ने स्वरचित गरबा गीत 'आवती कलाय' साझा किया

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** देशभर में नवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस क्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को सोशल मीडिया एक्स पर दुर्गा पूजा के अवसर पर देवी दुर्गा की स्तुति में स्वयं का लिखा गरबा गीत साझा किया है। जिसका टायटल है 'आवती कलाय'।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को दुर्गा पूजा के अवसर पर लिखा अपना गरबा गीत सोशल मीडिया एक्स पर शेयर करते हुए कहा, 'यह नवरात्रि का पावन समय है और लोग अलग-अलग तरीकों से उत्सव मना रहे हैं, जो मां दुर्गा की भक्ति से जुड़े हैं। श्रद्धा और आनंद की इस भावना के साथ प्रस्तुत है 'आवती कलाय', एक गरबा जो मैंने उनकी शक्ति और कृपा को श्रद्धा स्वरूप लिखा है। उनका आशीर्वाद हमेशा हम पर बना रहे।' इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने अपने द्वारा लिखे गए इस गरबा गीत की मधुर प्रस्तुति के लिए गायिका पूर्वा का धन्यवाद किया है और उनकी गायकी की तारीफ की। उन्होंने कहा, 'मैं एक प्रतिभाशाली उभरती गायिका पूर्वा को इस गरबा को गाने और इसकी इतनी मधुर प्रस्तुति देने के लिए धन्यवाद देता हूं।'



## बेहद शक्तिशाली हो चुकी है भारतीय वायुसेना

भारतीय वायुसेना 8 अक्तूबर को अपना 92वां स्थापना दिवस मना रही है। प्रतिवर्ष इस विशेष अवसर पर वायुसेना अपने शौर्य और शक्ति का अभूतपूर्व प्रदर्शन करती है। इस बार अपने 92वें स्थापना दिवस से पहले भारतीय वायुसेना ने 6 अक्तूबर को चेन्नई के मरीना बीच पर भव्य एयर शो का आयोजन किया, जिसमें राफेल, मिग-29, तेजस, सुखोई-30 एमकेआई जैसे अत्याधुनिक फाइटर जेट्स सहित वायुसेना के कुल 72 विमानों ने अपनी ताकत और कुशलता का प्रदर्शन किया और जांबाज वायुवीरों ने भी अपने अदम्य साहस और शौर्य का प्रदर्शन किया। आसमान में वायुवीरों के प्रदर्शनों को देखकर हर कोई रोमांच से भर उठा। एयर शो का सबसे प्रमुख आकर्षण रहा ऐतिहासिक विरासत के रूप में दिखाया गया प्रथम विश्वयुद्ध में इस्तेमाल हुआ हार्वर्ड टी-6जी टैक्सन एयरक्राफ्ट, जिसे भारतीय वायुसेना ने वर्ष 1974 तक ट्रेनिंग के लिए इस्तेमाल किया था।

राफेल, मिग-29, सुखोई-30 एमकेआई, तेजस जैसे फाइटर जेट्स, सारंग, लाइट कॉम्बैट हेलिकॉप्टर (प्रचंड), एडवांस्ड लाइट हेलिकॉप्टर (ध्रुव) जैसे हेलीकॉप्टर तथा सी-295, अपाचे, डकोटा, चेतक, जगुआर इत्यादि अन्य एयरक्राफ्ट भारतीय वायुसेना की अभेद्य ताकत बन चुके हैं। भारतीय वायुसेना दिवस के अवसर पर हर साल एयर शो आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य न केवल पूरी दुनिया को भारत की वायुशक्ति से रूबरू कराना है बल्कि युवाओं को वायुसेना में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करना भी है। भारतीय वायुसेना में इस समय राफेल, सुखोई 30, मिराज 2000, जगुआर, तेजस, आरपीए 50, मिग-27, मिग-29 के अलावा हेलीकॉप्टर ध्रुव, चिनूक, चेतक, चीता, एमआई-8, एमआई-17, एमआई-26, एमआई-25 एचएएल लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर, एचएएल रुद्र इत्यादि अत्याधुनिक विमान शामिल हैं, जो किसी भी विकट स्थिति में दुश्मन को मुंहतोड़ जवाब देने में पूरी तरह सक्षम हैं।

भारतीय वायुसेना को दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सेना होने का गौरव हासिल है। देश की करीब 24 हजार किलोमीटर लंबी अंतर्राष्ट्रीय सीमा की सुरक्षा की जिम्मेदारी भारतीय वायुसेना पूरी मुस्तैदी के साथ निभाती रही है और वायुसेना के बेड़े में दमदार लड़ाकू विमानों, हेलीकॉप्टरों तथा अत्याधुनिक मिसाइलों की संख्या निरन्तर बढ़ रही है, जिनके कारण हमारी वायुसेना अब पहले के मुकाबले कई गुना शक्तिशाली हो चुकी है। अब हम हवा में पहले के मुकाबले बहुत मजबूत हो चुके हैं तथा दुश्मन की किसी भी तरह की हरकत का अधिक तेजी और ताकत के साथ जवाब देने में सक्षम हैं। भारत के मुकाबले चीन के पास भले ही दो गुना लड़ाकू और इंटरसेप्टर विमान हैं, भारत से दस गुना ज्यादा रॉकेट प्रोजेक्टर हैं लेकिन रक्षा विश्लेषकों के अनुसार चीनी वायुसेना भारत के मुकाबले मजबूत दिखने के बावजूद भारत का पलड़ा उस पर भारी है। रक्षा विशेषज्ञों के मुताबिक गिनती और तकनीकी मामले में भले ही चीन सहित कुछ देश हमसे आगे हो सकते हैं लेकिन संसाधनों के सटीक प्रयोग और बुद्धिमता के चलते दुश्मन देश सदैव भारतीय वायुसेना के समक्ष थरार्ते हैं। भारत के मिराज-2000 और एसयू-30 जैसे जेट विमान ऑल-वेदर मल्टीरोल विमान हैं, जो किसी भी मौसम में और कैसी भी परिस्थितियों में उड़ान भर सकते हैं। मिराज-2000, मिग-29, सी-17 ग्लोबमास्टर, सी-130जे सुपर हरक्यूलिस के अलावा सुखोई-30 जैसे लड़ाकू विमान करीब पौने चार घंटे तक हवा में रहने और तीन हजार किलोमीटर दूर तक मार करने में सक्षम हैं। एक बार में 4200 से 9000 किलोमीटर की दूरी तक 40-70 टन के पेलोड ले जाने में सक्षम सी-17 ग्लोबमास्टर एयरक्राफ्ट भी वायुसेना के बेड़े में शामिल हैं। चिनूक और अपाचे जैसे अत्याधुनिक हेलीकॉप्टर भी वायुसेना की मजबूत ताकत बने हैं।

इसके अलावा भारत के पास दुश्मन के रडार को चकमा देने में सक्षम 952 मीटर प्रति सैकेंड की रफ्तार वाली ब्रह्मोस मिसाइलों सहित कई घातक मिसाइलें भी हैं, जिनकी मारक क्षमता से दुश्मन देश थरार्ते हैं। भारतीय वायुसेना की स्थापना ब्रिटिश शासनकाल में 8 अक्तूबर 1932 को हुई थी और तब इसका नाम था 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स'। 1945 के द्वितीय विश्वयुद्ध में रॉयल इंडियन एयरफोर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उस समय वायुसेना पर आर्मी का ही नियंत्रण होता था। इसे एक स्वतंत्र इकाई का दर्जा दिलाया था इंडियन एयरफोर्स के पहले कमांडर-इन-चीफ सर थॉमस डब्ल्यू एल्महर्स्ट ने, जो हमारी वायुसेना के पहले चीफ एयर मार्शल बने थे।

'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' की स्थापना के वक्त इसमें चार एयरक्राफ्ट थे और इन्हें संभालने के लिए कुल 6 अधिकारी और 19 जवान थे। आज वायुसेना में डेढ़ लाख से भी अधिक जवान और हजारों एयरक्राफ्ट्स हैं। स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात वायुसेना को अलग पहचान मिली और 1950 में 'रॉयल इंडियन एयरफोर्स' का नाम बदलकर 'इंडियन एयरफोर्स' कर दिया गया। एयर मार्शल सुब्रतो मुखर्जी इंडियन एयरफोर्स के पहले भारतीय प्रमुख थे। उनसे पहले तीन ब्रिटिश ही वायुसेना प्रमुख रहे। इंडियन एयरफोर्स का पहला विमान ब्रिटिश कम्पनी 'वेस्टलैंड' द्वारा निर्मित 'वापिती-2ए' था। बहरहाल, भारतीय वायुसेना ने समय के साथ बहुत तेजी से बदलाव किए हैं और काफी हद तक कमियों को दूर भी किया गया है।

# आजादी के बाद भी जेल मेनयुअल में जातिवादी व्यवहार शर्मनाक!



मनोज कुमार अग्रवाल

यह नितान्त दुखद और विस्मय करने वाली खबर है कि हमारे लोकजीवन में जाति मरने के बाद यहां तक कि जेल में अभिरक्षा में होने के बाद भी पीछा नहीं छोड़ती है। देश की आजादी के 77 साल बाद भी जेलों के अंदर कैदियों के साथ जातिगत भेदभाव होना दुर्भाग्यपूर्ण होने के साथ ही शर्मनाक भी हैं। हाल ही में चीफ जस्टिस ने इस बात पर गंभीर प्रश्न खड़े करते हुए एक आदेश दिया है। आपको बता दें कि जेलों में जाति के आधार पर कैदियों को काम पर लगाया जाता रहा है। इस का सीधा तात्पर्य यह है कि यदि निम्न कही जाने वाली जाति से है तो उन कैदियों को सफाई कर्मी जैसे काम पर लगाया जाता है और यदि उच्च जाति से है तो खान पान मैस का काम दिया जाता है। यह भेदभाव बताता है कि जाति का जहर हमारे तंत्र की जडों को भी दूषित किए है। औपनिवेशिक काल में अंग्रेजों के समय से चली आ रही इस कुप्रथा को पहले ही बंद होना चाहिए था, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी के कारण घटिया जातिवादी सोच आज भी बरकरार है। सजा के बाद कैदियों को जेल में रखने का उद्देश्य उनको सुधारना और समाज की मुख्यधारा में वापस लाने में मदद करना होता है, ताकि जेल से छुटने के बाद वे समाज के साथ फिर से जुड़ सकें। लेकिन अगर जेलों में ही कैदियों से जातिगत स्तर पर भेदभाव होता है, तो समझना मुश्किल नहीं है कि उनकी मानसिक स्थिति पर क्या असर पड़ता होगा। मगर अच्छी बात है कि देश की सबसे बड़ी अदालत ने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में जेलों में जातिगत भेदभाव के साथ श्रम विभाजन पर रोक लगाने की दिशा में अहम फैसला दिया है। शीर्ष न्यायालय ने भारत की जेलों में बंद कैदियों के बीच जाति के आधार पर भेदभाव करने को गैर कानूनी तथा असंवैधानिक करार देते हुए स्पष्ट तौर पर कहा है कि देश की किसी भी जेल में जाति के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। जेल नियमावली में मौजूद ऐसे सभी प्रावधानों को हटाया जाना चाहिए, जो इस तरह के भेदभाव को बढ़ावा देते हैं। कोर्ट ने इसे संविधान के आर्टिकल 15 का सरासर उल्लंघन बतलाया है और साफतौर पर कहा है कि रसोई व सफाई का काम जाति के आधार पर बांटा जाना अनुचित है। दरअसल एक महिला पत्रकार द्वारा दायर जनहित याचिका पर ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए शीर्ष अदालत की तीन सदस्यीय पीठ ने कहा कि जेल नियमावली जाति के आधार पर कामों के बंटवारे में भेदभाव करती है। खाना बनाने का काम ऊंची जाति के लोगों को देना व



सफाई का काम निचली जातियों के कैदियों को देना संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है, जो जेलों में जातिगत भेदभाव को बढ़ाता है। कोर्ट का कहना था कि जाति के आधार पर कामों का बंटवारा औपनिवेशक सोच का पर्याय है, जिसे स्वतंत्र भारत में जारी नहीं रखा जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि यह बात स्पष्ट है कि जेल नियमावली साफतौर पर भेदभाव करती है। साथ ही कहा कि नियमावली में जाति से जुड़ी विवरण का उल्लेख असंवैधानिक है। कोर्ट ने खरी-खरी सुनाते हुए सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों के जेल मैन्युअल में तुरंत बदलाव करने को कहा है। साथ ही राज्यों को इस फैसले के अनुपालन की रिपोर्ट कोर्ट में पेश करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली इस बेंच में जस्टिस जेबी पारदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्रा शामिल थे।

आपको बता दें कि एक पत्रकार सुकन्या शांता ने सबसे पहले यह मामला उठाया था। उनका कहना था कि देश के 17 राज्यों की जेलों में कैदियों के साथ यह भेदभाव हो रहा है। उन्होंने दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट में यह जनहित याचिका दायर की थी। इस याचिका पर फैसला सुनाते हुए कोर्ट ने तीन महीनों में नियमों में बदलाव करने को कहा है। देश की सबसे बड़ी अदालत कहा है कि सम्मान के साथ जीने का अधिकार कैदियों को भी है। कैदियों को सम्मान प्रदान न करना औपनिवेशिक काल की निशानी है, जब उन्हें मानवीय गुणों से वंचित किया जाता था। संविधान- पूर्व युग के सत्तावादी शासन ने जेलों को न केवल कारावास के स्थान के रूप में देखा, बल्कि वर्चस्व के उपकरण के रूप में भी देखा। इस अदालत ने संविधान द्वारा लाए गए बदले हुए कानूनी ढांचे पर ध्यान केंद्रित करते हुए माना है कि कैदियों को भी सम्मान का अधिकार है। फैसले में कहा गया है कि मानव गरिमा एक संवैधानिक मूल्य और संवैधानिक लक्ष्य है। अदालत ने अन्य फैसलों का हवाला देते हुए कहा कि मानव गरिमा मानव अस्तित्व का अभिन्न अंग है और दोनों को अलग नहीं किया जा सकता है' और इसमें 'यातना या क्रूर, अमानवीय या अपमानजनक व्यवहार के खिलाफ सुरक्षा का अधिकार भी शामिल है। चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि गरिमा और जीवन की गुणवत्ता के बीच भी घनिष्ठ संबंध है। मानव अस्तित्व की गरिमा तभी पूरी तरह से साकार होती है, जब कोई व्यक्ति गुणवत्तापूर्ण जीवन जीता है। शीर्ष न्यायालय ने आदेश दिया कि संविधान के अनुच्छेद 14 (समानता), 15 (भेदभाव का निषेध), 17 (अस्पृश्यता का उन्मूलन), 21 (जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार) और 23 (जबरन श्रम के खिलाफ अधिकार) का डाबंधन करने के इन प्रावधानों को असंवैधानिक घोषित किया जाता है। सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया जाता है कि वे तीन महीने की अवधि के भीतर इस फैसले के अनुसार अपने जेल नियामवली/नियमों को संशोधित करें। दरअसल आरोप है कि देश भर के जेलों के बैरकों में जाति आधारित भेदभाव जारी है और शारीरिक श्रम कायर्यो तक फैला हुआ है, जो विमुक्त जनजातियों और आदतन अपराधियों के रूप में वगीर्कृत लोगों को प्रभावित कर रहा है। महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश में इन्हें गंभीर भेदभाव का सामना करना पड़ता है। ऐसे कई उदाहरण सामने है, जहां अनुसूचित जातियों के व्यक्तियों को अलग और अन्य जातियों के व्यक्तियों को अलग रखा गया है। इस तरह का जाति आधारित भेदभाव जेल में कदम रखने के बाद से ही शुरू होता है। राजस्थान समेत देश की कई जेलों में आज भी ब्रिटिश शासन के जेल मैनुअल के मुताबिक काम का आवंटन होता है। प्रत्येक आरोपी व्यक्ति, जो जेल में दाखिल होता है, उससे जाति पूछी जाती है। एक रिपोर्ट के अनुसार मानवाधिकार से जुड़ी एक निजी संस्था ने दावा किया है कि निचले तबके के बंदियों को शौचालय व जेलों की सफाई जैसे काम सौंपे जाते हैं। जानकारी के मुताबिक जाति पिरामिड के निचले भाग वाले सफाई का काम करते हैं, उनसे उच्च वर्ग वाले रसोई या लीगल दस्तावेज विभाग को संभालते हैं, जबकि अमीर और प्रभावशाली कोई काम नहीं करते। दअरसल औपनिवेशिक युग के जेल मैनुअल ने इस तरह के जाति-आधारित श्रम विभाजन की अनुमति दी थी। लेकिन बाद में सरकारों ने बुनियादी मानवाधिकारों के अनुरूप मैनुअल में संशोधन करने के लिए बहुत कम काम किया है, लेकिन इसके बावजूद कुछ कुप्रथाएं आज भी विधमान है, जिसमें से एक जातिवाद के आधार पर काम देना भी शामिल है।लेकिन कानूनी और मानवीय आधार पर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए फैसले के बाद उम्मीद की जा सकती है कि कैदियों के साथ भेदभाव की कुप्रथा खत्म होगी और जेलों में उनके अधिकारों की रक्षा होगी।जरूरत इस बात की है कि आरक्षण के स्थान पर जातिविहिन समाज की स्थापना पर बल दिया जाए। जाति के आधार पर वर्गीकरण करना ही व्यवस्था से समाप्त कर दिया जाए।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# आदि शक्ति 'माता' जगदंबा की जय हो

अवधेश झा

महामाया "ब्रह्म" का ही स्वरूप हैं। इसलिए, यह "ब्रह्म माया" के रूप में विद्यमान हैं। ब्रह्म की समस्त क्रिया भाव महामाया के ही अधीन है और यह तमोगुण की अधिष्टिता है तथा त्रयी गुण विशेष हैं। दुष्टों का संहार करने वाली तथा अपने भक्तों को कल्याण प्रदान करती है। समस्त जीव में ब्रह्म जो आत्मा रूप में विद्यमान है, वह जीवात्मा सर्वप्रथम बुद्धि का निर्माण करता है, फिर अहंकार, मन आदि चौबीस तत्वों का निर्माण करता है। जोकि प्रकृति का भाव है। ब्रह्म और प्रकृति के मध्य ही महामाया क्रियाशील रहती हैं, वह समस्त माया की मूल हैं। इन्ही से जगत मोहित होता रहता है। इनकी इच्छा से ही आत्म दर्शन संभव है। क्योंकि, यह ब्रह्म स्वरूप का आवरण की तरह हैं। लेकिन, जो पुरुष आत्म स्थित है, उस पर माया का प्रभाव नहीं होता है।


इसी संदर्भ में एक प्रसंग है; सृष्टि के आरंभ में जब भगवान विष्णु शेषनाग के शैया पर शयन कर रहे थे। उसी समय उनके कान से मधु - कैटभ नाम के दो राक्षस तमोगुण के प्रभाव से प्रकट हुआ और भगवान विष्णु के नाभि कमल में विराजमान ब्रह्मा जी को खाने के लिए दौड़ा तब ब्रह्मा जी अपने ब्रह्म स्वरूप श्री नारायण की सहायता प्राप्त करने के लिए; उनके पलकों पर स्थित "महामाया" की स्तुति किए और भगवान को जागृत करने हेतु आग्रह किया। भगवती महामाया प्रसन्न हुई और भगवान को जगाई तथा भगवान जागे और मधु कैटभ का संहार किए और इस प्रकार से सृष्टि की उत्पति, स्थिति और प्रलय का आरंभ हुआ।

वास्तव में, क्षीर सागर ही "ब्रह्म सागर" है जो अनंत कोटि में स्थित है और शेषनाग सर्पाकार सृष्टि है तथा उसपर परब्रह्म परमात्मा श्रीहरि अपने स्वरूप स्थिति में स्थित हैं महामाया इस ब्रह्म सम्पूर्ण सृष्टि चक्र में व्याप्त होकर सृष्टि क्रम का संचालन कर रही हैं। यही भगवती ब्रह्मा की माया ब्राह्मणी है, नारायण की नारायणि और शिव की शिवा, गौरी आदि हैं।

सर्वमङ्गलमङ्गल्ये शिवे सर्वार्थसाधिके।
शरण्ये त्र्यम्बके गौरि नारायणि नमोऽस्तु ते॥

नारायणी! तुम सब प्रकार का मंगल प्रदान करने वाली मंगलमयी हो। कल्याणदायिनी शिवा हो। सब पुरुषार्थो को सिद्ध करने वाली, शरणागतवत्सला, तीन नेत्रों वाली एवं गौरी हो। तुम्हें नमस्कार है।

मां जगदम्बा समस्त मंगल प्रदान करने वाली हैं तथा सभी अमंगलो का नाश करने वाली है। सभी प्रकार के भय, दुःख, रोग, व्याधि आदि हरने वाली हैं। दुषित बुद्धि में से दुष्टता हर लेती हैं। सभी हिंसात्मक प्रवृतियों का नाश कर देती हैं और



सद्बुद्धि प्रदान करती हैं।

सर्वस्वरूपे सर्वेशे सर्वशक्तिसमन्विते।
भयेभ्यस्त्राहि नो देवि दुर्गे देवि नमोऽस्तु ते ॥

सर्वस्वरूपा, सर्वेश्वरी तथा सब प्रकार की शक्तियों से सम्पन्न दिव्यरूपा दुर्गे देवि! सब भयों से हमारी रक्षा करो; तुम्हें नमस्कार है। ब्रह्मांड, ब्रह्म का स्थूल शरीर है। इसमें, ब्रह्म के अतिरिक्त कुछ नहीं है। उसी तरह से हमारा यह शरीर ब्रह्म मंडल ही है। अर्थात ब्रह्म से ही निर्मित है और ब्रह्म में ही स्थित है तथा ब्रह्म से ही संचालित है। इस संचालन में जो शुभ और सुंदर वह ब्रह्ममाया का ही प्रतिफल है। वह महामाया सर्वस्वरूप हैं अर्थात अनंत कोटि रूपों में हैं। लेकिन, उनका वास्तविक स्वरूप महामाया की है, जो अपनी माया से जग को मोहित कर रखी हैं। संसार की समस्त कामनाओं की पूर्ति कर अंत में जीव को इसी माया से मुक्ति दिलाकर आत्म स्वरूप की प्राप्ति करवाती हैं। माता सर्वेश्वरी हैं तथा सभी ईश्वर में जो शक्ति है और सभी ईश्वरीय शक्ति का स्त्रोत माता ही हैं। माता आदि, अनादि और सनातन हैं। लेकिन, इनकी अवस्था हमेशा नित्य यौवन की ही हैं। इसलिए, माता देवी के रूप में विद्यमान हैं। क्योंकि, माता हमेशा ब्रह्म स्थिति में ही रहती हैं और ब्रह्म किसी भी अवस्था से परे है तथा उसकी अवस्था कभी क्षीण नहीं होता है। वह सभी शक्तियों से संपन्न हैं और शक्ति ही जिनकी श्रृंगार है, वह दिव्य स्वरूप माता हमारी सभी भय का नाश करती हैं।

वास्तव में, आत्म स्थिति से जगत स्थिति और जगत से ब्रह्म स्थिति में जो अनंत काम, क्रोध, लोभ, मोह, भय और अहंकार आदि माया का जो बाधा है, उससे रक्षा माता ही करती हैं। उस माता को कोटि कोटि नमन है।


ॐ ज्ञानिनामपि चेतांसि देवी भगवती हि सा।
बलादाकृष्य मोहाय महामाया प्रयच्छति ।।

वे भगवती महामाया देवी ज्ञानियों के भी चित्त को बलपूर्वक खींचकर मोह में डाल देती हैं।

महामाया जो सम्पूर्ण सृष्टि को अपनी माया से मोहित कर रखी हैं। उनका ही प्रभाव समस्त चरा चर में व्याप्त है। माता ज्ञानियों के चित्त में मोह उत्पन्न करती हैं। इसका तात्पर्य है कि ज्ञान का दो स्वरूप है। एक बुद्धि जो आत्मोन्मुख है वह आत्मज्ञान या ब्रह्मज्ञान में ही स्थित रहता है तथा दूसरा ज्ञान जो इंद्रिय द्वारा संग्रहित और बुद्धि द्वारा विस्तार किया जाता है, वह संसार का ज्ञान है। सांसारिक ज्ञान से जो मोह उत्पन्न होता है, उससे अनंत संसार का निर्माण होता है। इसलिए, माता संसार की इच्छा रखने वाले को अनंत संसार प्रदान करती है और ब्रह्म की इच्छा रखने वालों का समस्त मोह का नाश कर स्वरूप की स्थिति प्रदान करती है।

जिसका जो स्वरूप स्थिति है, उस स्थिति में रखना ही माता की महामाया की माया है। यह स्थिति ब्रह्म, अब्रह्म या मोह वश भ्रम की स्थिति होती है। ब्रह्म सत्य है, जगत मिथ्या है - यह ब्रह्म स्थिति है। उसके अतिरिक्त समस्त स्थितियां अब्रह्म या भ्रम की हो सकती है। लेकिन, समस्त स्थितियों में जो शक्ति की परिचालन होता है, उस ब्रह्म शक्ति का स्त्रोत माता ही है। यही माता लंका में श्रीराम को तथा कुरुक्षेत्र में अर्जुन को विजयश्री प्रदान किए। यही माता विष्णु की बहिरंगा (बाहरी) या स्थिति शक्ति हैं। शिव की अर्ध शक्ति और प्रलय शक्ति हैं और ब्रह्म की उत्पति और ज्ञान शक्ति हैं। जहां भी क्रिया है, वहां माता की शक्ति है। बल (आत्म बल, धन बल, शारीरिक बल आदि), विद्या (परा, अपरा ) और बुद्धि (प्रज्ञा बुद्धि, जगत निर्माण की बुद्धि) की शक्ति ही समस्त ऐश्वर्य तथा स्वरूप प्राप्ति का स्रोत है। इस तरह से "या देवी सर्वभूतेषु मातृ रूपेण संस्थिता नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः"! माता समस्त प्रकृति की ब्रह्म गर्भ हैं और उन्हीं की गर्भ से इस सृष्टि का उदय हुआ है तथा समस्त माताओं का गर्भ भी यही माता हैं। इसलिए, माता सभी प्राणियों की माता (मातृ) रूप में स्थित हैं। माता जगदम्बा को कोटि कोटि प्रणाम।

# नवरात्र में छठे दिन होती है मां कात्यायनी की पूजा




जितेन्द्र कुमार सिन्हा

चैत्र नवरात्र और शारदीय नवरात्र के रूप में नवरात्र वर्ष में दो बार मनाई जाती है। शारदीय नवरात्र सतयुग में शुरू हुई थी और आज भी इसे उतनी ही श्रद्धा और विश्वास के साथ मनाया जाता है। भक्त अपनी इच्छानुसार मां दुर्गा का 9 दिन का व्रत रखते हैं। नवरात्र पर मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की अलग-अलग दिन पूजा होती हैं। मां दुर्गा शक्ति स्वरूपा है और इस व्रत को करने वाले को भी शक्ति की प्राप्ति होती है। शारदीय नवरात्र का पांच पूजा तक में मां शैलपुत्री, मां ब्रह्मचारिणी, मां चंद्रघंटा, मां कुष्मांडा और मां स्कंदमाता की आराधना हो चुकी है। अब छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा - आराधना होगी। मां कात्यायनी की उत्पत्ति या प्राकट्य के बारे में वामन और स्कंद पुराण में अलग-अलग बातें बताई गई है। मां कात्यायनी देवी दुर्गा का ही छठा रूप है। स्कंद पुराण में कहा गया है कि मां कात्यायनी की उत्पत्ति परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से हुई थी। वहीं वामन पुराण के अनुसार सभी देवताओं ने अपनी ऊर्जा को बाहर निकालकर कात्यायन ऋषि के आश्रम में इकट्ठा किया और कात्यायन ऋषि ने उस शक्तिपुंज को एक देवी का रूप दिया जो देवी पार्वती द्वारा दिए गए सिंह (शेर) पर विराजमान थी। चूकि कात्यायन ऋषि ने देवी का रूप दिया था इसलिए देवी मां कात्यायनी कहलाई और मां कात्यायनी ने ही महिषासुर का वध की। कालिका पुराण जैसे ग्रंथों में अन्यत्र, यह उल्लेख किया गया है कि ऋषि कात्यायन ने सबसे पहले उनकी पूजा की थी, इसलिए उन्हें कात्यायनी के नाम से जाना जाने लगा । किसी भी स्थिति में, वह दुर्गा का एक प्रदर्शन या स्वरूप है और उसकी पूजा नवरात्र उत्सव के छठे दिन की जाती है ।

संस्कृत में देवी महात्म्य, शक्तिवाद का केन्द्रीय पाठ, दिनांक 11 ई.पू. वामन पुराण में उनकी रचना की कथा का विस्तार से उल्लेख किया गया है : "जब देवताओं ने अपने संकट में विष्णु की खोज की, तो उन्होंने और उनके आदेश पर शिव, ब्रह्मा और अन्य देवताओं ने अपनी आंखों और चेहरे से ऐसी ज्वालाएं निकाली कि चमक का एक पहाड़ बन गया। जिससे मां कात्यायिनी प्रकट हुई, हजारों सूर्यो के समान देदीप्यमान, तीन आंखें, काले बाल और अठारह भुजाएं। शिव ने उन्हें अपना त्रिशूल, विष्णु ने सुदर्शन चक्र या चक्र, वरुण ने एक शंख, अग्नि ने एक तीर, वायु एक धनुष, सूर्य एक तीरों से भरा तरकश, इंद्र एक वज्र , कुवेर एक गदा , ब्रह्मा एक माला और जल-पात्र, कला एक ढाल और तलवार, विश्वकर्मा एक युद्ध-कुल्हाड़ी और अन्य हथियार। इस प्रकार देवताओं द्वारा सशस्त्र और सम्मानित किया गया।"

मां कात्यायनी मैसूर की पहाड़ियों की ओर बढ़ीं। वहां, असुरों ने उन्हें देखा और उनकी सुंदरता से मोहित हो गए, उन्होंने अपने राजा महिषासुर से उनका इतना वर्णन किया कि वह उन्हें पाने के लिए उत्सुक हो गए। कात्यायनी ने उनसे हाथ मांगा, तो उन्होंने कहा कि




उन्हें जीतना ही होगा। लड़ाई में। उसने महिष, बैल का रूप धारण किया और युद्ध किया। अंत में मां दुर्गा अपने सिंह से उतरी और महिष की पीठ पर चढ़ गई, जो एक बैल के रूप में था और अपने कोमल पैरों से उसके सिर पर इतनी भयानक ताकत से प्रहार किया कि वह बेहोश होकर जमीन पर गिर पड़ा। फिर उसने अपनी तलवार से उसका सिर काट दिया और तब से उसे महिषासुर का वध करने वाली महिषासुरमर्दिनी कहा जाने लगा। इस कथा का उल्लेख वराह पुराण और शक्तिवाद के शास्त्रीय पाठ , देवी-भागवत पुराण में भी मिलता है।स्कंद पुराण का एक अन्य संस्करण है, जहां कात्यायनी दो भुजाओं वाली देवी के रूप में प्रकट होती हैं और बाद में 12 भुजाओं वाली देवी के रूप में विस्तारित होती हैं। कार्तिकेय के तेज के कारण ही इनका यह नाम पड़ा। इस संस्करण में पार्वती अपना शेर उपहार में देती हैं। कात्यायनी द्वारा महिष को क्षमा करने का यह अनूठा संस्करण हैअमरकोष में पार्वती को ही कात्यायनी कहा गया है, संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, हेमवती एवम ईश्वरी कहा गया है। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमे भद्रकाली और चंडिका भी शामिल है, में भी प्रचलित के हैं। स्कन्द पुराण में उल्लेख है कि मां कात्यायनी परमेश्वर के नैसर्गिक क्रोध से उत्पन्न हुई थीं, जिन्होंने देवी पार्वती द्वारा दी गई सिंह पर आरूढ़ होकर महिषासुर का वध किया। मां कात्यायनी शक्ति की आदि रूपा है, जिसका उल्लेख पाणिनि पर पतञ्जलि के महाभाष्य में किया गया है, जो दूसरी शताब्दी ईसा पूर्व में रचित है। उनका वर्णन देवी भागवत पुराण, और मार्कंडेय ऋषि द्वारा रचित मार्कंडेय पुराण के देवी महात्म्य में किया गया है, जिसे 400 से 500 ईसा में लिपिबद्ध किया गया था।

बौद्ध और जैन ग्रंथों और कई तांत्रिक ग्रंथों, विशेष रूप से कालिका पुराण (10वीं शताब्दी) में उनका उल्लेख है, जिसमें उद्यान या उड़ीसा में देवी कात्यायनी और भगवान जगन्नाथ का स्थान बताया गया है।परम्परागत रूप से देवी दुर्गा की तरह वे लाल रंग से जुड़ी हुई हैं। नवरात्र उत्सव के षष्ठी को मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। उस दिन साधक का मन 'आज्ञा चक्र' में स्थित होता है। योग साधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। इस चक्र में स्थित मन वाला साधक मां कात्यायनी के चरणों में अपना सर्वस्व निवेदित कर देता है। परिपूर्ण आत्मदान करने वाले ऐसे भक्तों को सहज भाव से मां कात्यायनी के दर्शन प्राप्त हो जाते हैं।ऐसी भी कथा मिलती है कि ये महर्षि कात्यायन के यहां पुत्री रूप में मां कात्यायनी उत्पन्न हुई थी। आश्विन कृष्ण चतुर्दशी को जन्म लेकर शुक्त सप्तमी, अष्टमी तथा नवमी तक तीन दिन कात्यायन ऋषि की पूजा ग्रहण कर दशमी को महिषासुर का वध किया था।मां कात्यायनी अमोघ फलदायिनी हैं। भगवान कृष्ण को पति रूप में पाने के लिए ब्रज की गोपियों ने इन्हीं की पूजा कालन्दी- यमुना के तट पर की थी। ये ब्रजमंडल की अधिष्ठात्री देवी के रूप में प्रतिष्ठित हैं। मां कात्यायनी का स्वरूप अत्यंत चमकीला और भास्वर है। इनकी चार भुजाएं हैं। मां कात्यायनी का दाहिनी तरफ का ऊपर वाला हाथ अभय मुद्रा में तथा नीचे वाला वर मुद्रा में है। बाईं तरफ के ऊपर वाले हाथ में तलवार और नीचे वाले हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। इनका वाहन सिंह है।

# भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करने में सोशल मीडिया एक महत्वपूर्ण माध्यम :सुप्रिया श्रीनेत

**चमकता राजस्थान (अत्री कुमार दाधीच)**

**जयपुर, 07 अक्टूबर।** अखिल भारतीय कांग्रेस के नवनियुक्त सचिव एवं सहप्रभारी राजस्थान श्रीमती पूनम पासवान तथा रित्विक मकवाना ने सोमवार को जयपुर दौरे के दौरान कांग्रेस वार रूम में प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा से शिष्टाचार भेंट कर प्रदेश की राजनीति एवं संगठन को लेकर विस्तृत चर्चा की। डोटासरा से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफार्म की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, अखिल भारतीय कांग्रेस सचिव एवं सोशल मीडिया व डिजिटल प्लेटफार्म से सम्बद्ध रूचिरा चतुर्वेदी तथा नेशनल कोर्डिनेटर व प्रभारी राजस्थान सौरभ राय ने सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफार्म विभाग के कार्यों को लेकर मंथन किया। प्रदेश सोशल मीडिया विभाग के चेयरमेन सुमित भगासरा ने सभी को श्योसल मीडिया के चल रहे कार्यों से अवगत करवाया।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, पर प्रदेश सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफार्म की प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की बैठक हुई जिसमें प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, एआईसीसी सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफार्म की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत, एआईसीसी सचिव श्रीमती पूनम पासवान, रित्विक मकवाना, रूचिरा चतुर्वेदी ने प्रदेशभर से कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग का कार्य करने वाले पदाधिकारियों के साथ अपने विचार साझा किये।





बैठक में पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रदेश की जनता के समक्ष केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार की विफलताओं को उजागर करने में सोशल मीडिया एक महत्वपूर्ण माध्यम है तथा उपस्थित सभी पदाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में अंतिम स्थान तक बैठे हुये व्यक्ति तक सूचना प्रौद्योगिकी का लाभ लेते हुये केन्द्र एवं प्रदेश की भाजपा सरकार के जनविरोधी कार्यों को पहुँचाने के साथ ही देश एवं प्रदेश के विकास के लिये कांग्रेस के वीजन से प्रदेशवासियों को अवगत करवाना होगा। उन्होंने कहा कि राहुल गॉंधी जब से लोकसभा में नेता विपक्ष बने हैं, भाजपा की केन्द्र सरकार एवं सरकार में बैठे हुये भाजपा नेता परेशान हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गॉंधी एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे द्वारा उठाये गये सवालों एवं मुद्दों का जवाब भाजपा के पास नहीं है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे जो इस उम्र में भाजपा को चुनौती दे रहे हैं, से प्रेरित होकर कार्य करना चाहिये। उन्होंने कहा कि हम सबका सपना है कि जनता की दुःख तकलीफों को समझने वाले और देश को आगे ले जाने का वीजन रखने वाले राहुल गॉंधी देश के प्रधानमंत्री बने, इसके लिये सभी कांग्रेस कार्यकर्ता अपने-अपने स्तर पर पूरी ताकत के साथ जुट जायें।

डोटासरा ने घोषणा की कि सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारियों से प्रतिवर्ष दस विभाग के सबसे बेहतर कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को प्रदेश कांग्रेस द्वारा सम्मानित किया जायेगा तथा इन दस सर्वश्रेष्ठ कार्यकर्ताओं को पुरूस्कार स्वरूप मोबाईल प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा की प्रदेश सरकार जिस तरह से जनता की अनदेखी कर रही है, यह प्रदेशवासियों से छुपा हुआ नहीं है तथा आगामी सात विधानसभा उप चुनावों में भाजपा की सातों सीटों पर हार तय है। उन्होंने कहा कि सातों सीटों पर विधानसभा उप चुनाव में सोशल मीडिया विभाग के सर्वश्रेष्ठ कार्य करने वाले सात पदाधिकारियों को प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा सम्मान स्वरूप एक-एक मोबाईल दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि आज राहुल गॉंधी, श्रीमती प्रियंका गॉंधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे ने पूरे देशभर में भाजपा के नेताओं की नींद उड़ा दी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दायित्व बनता है कि इन सम्मानित नेताओं के हाथ मजबूत करने के लिये आमजन के बीच मजबूती के साथ पार्टी का पक्ष रखें तथा भाजपा के जनविरोधी कार्यों से जनता को अवगत करवायें।

बैठक को सम्बोधित करते हुये एआईसीसी सोशल मीडिया एवं डिजिटल प्लेटफार्म की चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि जिस प्रकार लोकसभा में राहुल गॉंधी तथा राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड×गे ने भाजपा की केन्द्र सरकार को मजबूती से घेरने का कार्य किया है, उनसे प्रेरणा लेकर सोशल मीडिया विभाग के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पूरी ताकत के साथ सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों से भाजपा के चरित्र को उजागर करने वाली सूचनायें जनता तक पहुँचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी ताकत के साथ जुट जायें और जो भी कनटेंट प्राप्त हो उसे आगे तक पहुँचाने का कार्य करें। बैठक को एआईसीसी सचिव एवं राजस्थान सहप्रभारी श्रीमती पूनम पासवान, रित्विक मकवाना, रूचिरा चतुर्वेदी, सौरभ राय तथा प्रदेश चेयरमेन सुमित भगासरा ने सम्बोधित कर अपने विचार साझा किये।

## संक्षिप्त समाचार

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी संघ के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल




**चमकता राजस्थान। जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सोमवार को राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी संघ द्वारा आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होकर सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी सदस्यों को उज्जवल कार्यकाल हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की। इस अवसर पर कार्मिक विभाग के संयुक्त शासन सचिव कनिष्क कटारिया,राजस्थान सचिवालय सेवा अधिकारी संघ के अध्यक्ष दलजीत सिंह ,पूर्व अध्यक्ष, सचिवालय कर्मचारी और अधिकारीगण उपस्थित रहे !

### महाविधालय में हुआ गोष्ठी का आयोजन, गोष्ठी में विकास कार्यों पर हुई विशेष पहल



**चमकता राजस्थान। धौलपुर से रामदास/ तरुण।** राजाखेड़ा। राजकीय महाविद्यालय में दिन सोमवार को को विकास कार्यों के मुद्दे पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविधालय के विकास से संबधित अहम बैठक का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डा. कैलाश चंद्र शर्मा रहे। महाविद्यालय में पिछले वर्ष में हुए कार्यों की समीक्षा की गई। साथ ही आगामी कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई, उन्हें तय समयावधि में पूर्ण करने पर जोर दिया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार का राजाखेड़ा महाविद्यालय सेवा का एक वर्ष पूर्ण हुआ। इस मौके पर उन्होंने सहकर्मियों एवं विद्यार्थियों की एक साझा बैठक आयोजित की गई। बैठक में महाविद्यालय के विभिन्न मुद्दों व विषयों पर चर्चा की। विद्यार्थियों से फीडबैक लिया गया एवं उनकी जरूरतों को निश्चित समयावधि में पूर्ण करने की बात कही। साथ ही महाविद्यालय के कर्मचारियों की आवश्यकता का संज्ञान लिया। गोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनुज कुमार ने की।संचालन सहायक आचार्य होशांग पंचाल ने किया। चंद्रशेखर, बादाम सिंह उपस्थित रहे।

### राजाखेड़ा उपखण्ड के बाहरी पुरा गांव में तेज आंधी के चलते निवासी के घर में हुआ भारी नुकसान

**चमकता राजस्थान। धौलपुर (रामदास तरुण)।** राजाखेड़ा उपखंड के बाहरी के पूरा गांव में अचानक आई तेज आंधी से गांव के बाहर बने खेत पर मकान में बहुत अधिक नुकसान हुआ है जानकारी के अनुसार मामला सामने आया है कि कल लगभग शाम के समय 4:30 बजे एक भयंकर हवा का झोंका आता है उसके चलते गांव के बाहर खेतों पर बने हुए सोनू पंडित के मकान में बहुत भारी तादात में नुकसान हो जाता है जिसमें आप देख सकते हैं लगभग उनके बताएं अनुसार 50 से 60 टीन के पलर टूट जाते हैं एवं घर की पानी की टंकी फूट जाती है एवं दीवार भी गिर जाती हैं पूरा मामला वीडियो में आपके सामने है सरकार से मदद की गुहार लगाते हुए पीड़ित उसके घर पर आई आकस्मिक त्रासदी को लेकर वीडियो बनाकर हमारे चैनल के लिए भेजते हुए मदद की लगाई गुहार।



# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आगामी उपचुनावों को लेकर कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

## भाजपा का सदस्यता अभियान विधानसभा में जीत के लिए महत्वपूर्ण कडीः मदन राठौड़



**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज सोमवार को खींवसर, झुंझुनूं और दौसा विधानसभा उपचुनावों को लेकर आगामी रणनीति पर मंडल एवं बूथ स्तरीय कार्यकर्ता और पदाधिकारियों के साथ चर्चा की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने आगामी विधानसभा उपचुनावों में जीत के लिए कार्यकर्ताओं को मंत्र देते हुए कहा कि भाजपा का सदस्यता अभियान विधानसभा में जीत के लिए महत्वपूर्ण कडी है। हम सभी कार्यकर्ताओं को गांव-गांव, ढाणी-ढाणी जाकर हर व्यक्ति से संपर्क करना है और देश के मौजूदा हालात के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 10 साल के कार्यों को विस्तार से बताना है। भाजपा की रीति और नीति बताते हुए आमजन को भाजपा परिवार में शामिल करना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक घर में जाकर आमजन से संपर्क करें। ग्रामीणों की सरकार में भागीदारी बढ़ने से गांव का विकास होगा। ऐसे में गांव के विकास के लिए हम सभी को अपनी सहभागिता बढ़ानी होगी। इसके लिए भाजपा के सदस्यता अभियान को गंभीरता से लेने की जरूरत है। भाजपा को मजबूती प्रदान करने के लिए बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि मंडल और बूथ के कार्यकर्ता टोली बनाकर आमजन से संपर्क करें और भाजपा के परिवार में आमजन को शामिल करें। राष्ट्रवादी पार्टी भाजपा वर्तमान समय की आवश्यकता है, यह बात आमजन को बतानी होगी। आतंकवाद को समाप्त करने का काम हो या देश की एकता-अखण्डता और संप्रभूता को बनाए रखना हो या फिर गांव, गरीब और वंचितों का कल्याण करना हो। भाजपा में ये सब प्राथमिकता रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के नेतृत्व में राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा लगातार जनहितैषी कार्य कर रहे है। ऐसे में हमें प्रदेश की पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के 5 साल के कार्य और वर्तमान सरकार के 10 माह के कार्यों को जनता के सामने रखना होगा। प्रदेश की जनता के पास सरकार का रिपोर्ट कार्ड होगा तो वे आगे बढ़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करेंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ और प्रदेश सह प्रभारी विजया राहटकर से आज सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर भारतीय किसान संघ के प्रतिनिधि मंडल ने मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की।

# दोनों राज्यों के चुनाव बदलाव के चुनाव : सचिन पायलट



**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने टोंक में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि कल दो राज्यों की मतगणना में हम अच्छे बहुमत के साथ हरियाणा में सरकार बनाने जा रहे हैं,

भाजपा ने जम्मू-कश्मीर में कई तरह की कोशिशें की सियासी चाले चली है, लेकिन वहां भी हमारे अलाइंस को मिलेगा स्पष्ट बहुमत,कुछ पर्दे के पिछे, कुछ पर्दे के सामने बहुत सारे सियासी खेल खेले गए लेकिन वहां के लोगों ने 10 साल बाद चुनावों में कांग्रेस अलाइंस को बहुमत देंगे।जम्मू और कश्मीर दोनों जगह के लोग कांग्रेस अलाइंस को देंगे बहुमत।

दोनों राज्यों के चुनाव बदलाव के चुनाव है,हम दोनों राज्यों में अपनी सरकार बनाएंगे ,जम्मू-कश्मीर में राज्यपाल की मदद से ही केंद्र और भाजपा अपनी सरकार चला रहे थे लोगों ने बदलाव को वोट दिया, 80 फीसदी मतदान हुआ है,मतदान का प्रसंटेज हाई हुआ है,मुझे लगता है कि दोनों स्टेट में हम सरकार बनाएंगे।दोनों राज्यों में नेतृत्व को लेकर श्री पायलट ने कहा- कौन नेतृत्व करेगा, हमारी पार्टी में इसकी एक प्रक्रिया है,विधायक दल की बैठक होती है, दिल्ली से आब्जर्वर जाते है,अपनी रिपोर्ट पार्टी अध्यक्ष को देते है,फिर केंद्रीय नेतृत्व विधायकों की सलाह के बाद फैसला लेता है

- **फिर निर्णय होता है कि कौन विधायक दल का नेता होगा ?**

वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर कहा कि यह तो वो पार्टी जो वन नेशन वन इलेक्शन करवाने का दावा कर रही है

अभी झारखंड, महाराष्ट्र के चुनाव होने बाकी है, हम उम्मीद करते है कि उनके साथ ही हमारी 7 विधानसभा सीटों पर तारीख तय होगी ,10 उत्तरप्रदेश में है, कई लोकसभा सीटें खाली पड़ी है

हम उम्मीद करते है कि इन पर जल्द चुनावों की तारीख तय होगी।

## उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी और पर्यटन सचिव रवि जैन रहे मौजूद

# हुडको से आरटीडीसी ने किया 415 करोड़ का करार

**चमकता राजस्थान**

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री और पर्यटन मंत्री दिया कुमारी तथा शासन सचिव पर्यटन रवि जैन की उपस्थिति में राजस्थान पर्यटन विकास निगम और हुडको की ओर से सोमवार को सचिवालय में आरटीडीसी की प्रबंध निदेशक सुषमा अरोड़ा एवं हुडको के क्षेत्रीय प्रमुख सुधीर भटनागर के मध्य 415 करोड़ रुपये के ऋण हेतु एमओयू का आदान प्रदान किया गया।





उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज हुडको से 9.12% की ब्याज दर पर 415 करोड़ रुपये के दीर्घकालीन लोन का एमओयू आदान प्रदान किया गया है। राजस्थान में पर्यटन के क्षेत्र में विकास की असीम संभावनाएं हैं। इन संभावनाओं पर अभी बहुत काम किया जाना है। उन्होंने कहा कि हुडको के साथ हुए आज के एमओयू से पर्यटन विकास के लिए वित्तीय संबल मिलेगा। राजस्थान में पर्यटन विकास और गति मिलेगी।

दिया कुमारी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का विजन विकसित भारत बनाने का है।इसी में राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा का विकसित राजस्थान बनाने का विजन है। जिसमें पर्यटन की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। हमारी डबल इंजन की सरकार है केन्द्र सरकार के साथ मिलकर राज्य सरकार प्रदेश का विकास करेगी,पर्यटन का विकास करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य के तीर्थ स्थलों, स्मारकों,नये डेस्टीनेशन्स को और अच्छा बनाने के लिए कार्य किये जाएंगे। राजस्थान आने वाले पर्यटकों का अनुभव शानदार हो इसके लिए हमारा प्रयास होगा।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राईजिंग राजस्थान हमारे लिए एक बेहतर अवसर है। पर्यटन की दिशा में हम बहुत आगे बढ़ने वाले हैं। राईजिंग राजस्थान से पर्यटन के क्षेत्र में नए निवेश होगा तथा राजस्थान को पर्यटन क्षेत्र में नई उचाईयों पर ले जाने के प्रयास सार्थक होंगे।

हुडको के क्षेत्रीय प्रमुख सुधीर भटनागर इस अवसर पर कहा कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व में राजस्थान में पर्यटन विकास के बेहतरीन काम हो रहे हैं। राजस्थान में सड़कों और आधारभूत सुविधाओं के साथ पर्यटन विकास के बहुत अच्छे कार्य हो रहें हैं। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी के निर्देशों पर आगे बढ़ते हुए आज एमओयू हुआ इससे राजस्थान में पर्यटन का तेजी से विकास होगा। आरटीडीसी होटल के नवीनीकरण के कार्य तथा पर्यटक स्थलों और पर्यटन के क्षेत्र में अच्छी सुविधाओं का विकास महत्वपर्ण है। उन्होंने कहा कि ऋण स्थगन अवधि 2 वर्ष की होगी, इसके बाद मूल राशि का पुनर्भुगतान शुरू होगा।

इस अवसर पर पर्यटन आयुक्त विजयपाल सिंह, आरटीडीसी के कार्यकारी निदेशक वित्त धीरज सिसोदिया, पर्यटन विभाग की वित्तीय सलाहकार गार्गी सिंह, उपनिदेशक पर्यटन उपेन्द्र सिंह शेखावत तथा अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अनियमितताओं के प्रकरणों में दोषियों पर हो अविलम्ब कार्यवाही

## लीपापोती के बजाय ईमानदारी से प्रकरणों की जांच करें अधिकारी

## दोषियों को बचाने का प्रयास करने वाले अधिकारियों पर भी होगी सख्त कार्यवाही : सहकारिता मंत्री

चमकता राजस्थान

**जयपुर, 7 अक्टूबर।** सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक ने कहा कि सहकारी समितियों में अनियमितताओं और फर्जीवाड़ों के प्रकरणों से आमजन का सहकारिता में विश्वास कम होता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की ऐसे प्रकरण सामने आते ही दोषियों के प्रति बिना सहानुभूति रखते हुए अविलम्ब कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

सहकारिता मंत्री सोमवार को अपेक्स बैंक सभागार में राजस्थान सहकारी सोसायटी अधिनियम - 2001 की धारा 55, 57 (1) और 57 (2) के तहत लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर रहे थे। इस मैराथन बैठक में लम्बे समय से पेंडिंग चल रहे करीब 300 प्रकरणों की खण्डवार और प्रकरणवार विस्तार से समीक्षा की गई। सहकारिता मंत्री ने प्रकरणों की जांच में देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने लम्बित जांच प्रकरणों में जांच अधिकारियों के लिए समय सीमा भी निर्धारित की। दक ने कहा कि अनियमितताओं के प्रकरणों में होने वाली कार्यवाही नजीर बननी चाहिए। इसके लिए जांच अधिकारी ऐसे प्रकरणों में लीपापोती करने के बजाय पूरी ईमानदारी से अपना काम करें।



दक ने निर्देश दिए कि सहकारी समितियों की आम सभा में राजकीय प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इससे फर्जीवाड़े के प्रकरणों पर काफी हद तक लगाम लगेगी। उन्होंने कहा कि यदि समिति में फर्जीवाड़ा साबित होता है, तो आरोपियों के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज करवाई जाए। सहकारिता मंत्री ने देरी वाले प्रकरणों में जांच अधिकारी बदलने एवं जांच की समय सीमा निर्धारित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी समिति में अनियमितता पाए जाने पर सम्पत्ति का अटैचमेंट बिफोर अवार्ड तुरन्त किया जाए, जिससे सम्पत्ति को खुर्द-बुर्द नहीं किया जा सके।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि रिपोर्ट आने के बाद तत्काल जांच परिणाम जारी होना चाहिए। साथ ही, जांच परिणाम आने के बाद वरिष्ठ अधिकारी तथ्यों की अच्छी तरह जांच-परख कर लें। उन्होंने कहा कि अनियमितता करने वाले पदाधिकारियों द्वारा केवल राशि जमा करवा देने से ही अपराध समाप्त नहीं होता, बल्कि ऐसे लोगों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाए। श्री दक ने कहा कि यदि कोई अधिकारी दोषी व्यक्तियों को बचाने का प्रयास करते हैं, तो उनके विरुद्ध भी सख्त कार्यवाही होगी।

शासन सचिव सहकारिता विभाग एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने निर्देश दिए कि अनियमिताओं के मामलों में ढ़िलाई नहीं बरती जाए। बार-बार केवल नोटिस देकर प्रकरण को लम्बित नहीं रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ अधिकारी भी यह ध्यान रखें कि पर्यवेक्षणीय लापरवाही नहीं हो। जांच अगर पूरी हो चुकी है तो रिपोर्ट तत्काल सबमिट की जाए। पुराने प्रकरणों पर खास फोकस रखते हुए उनका शीघ्र निस्तारण किया जाए।

श्रीमती राजपाल ने कहा कि अधिकारी अपने कामकाज के तरीके में बदलाव लाकर प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें। यदि कोई अधिकारी बिना किसी वजह के जांच में विलंब करते हैं, तो उन्हें भी नोटिस दिए जाएं। उन्होंने कहा कि जांच अधिकारी प्रकरणों की गंभीरता को समझते हुए समय सीमा का विशेष तौर पर ध्यान रखें। अतिरिक्त रजिस्ट्रार (बैंकिंग) श्री राजीव लोचन ने कहा कि जिन समितियों में मिनी बैंक हैं, उनमें जमाओं का सत्यापन करवाया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को जांच प्रकरणों को गंभीरता से लेना चाहिए। साथ ही, उन्होंने विश्वास दिलाया कि सभी अधिकारी अपना कार्य नियत समय में पूरा करेंगे। बैठक में अपेक्स बैंक के प्रबंध निदेशक संजय पाठक सहित प्रदेश भर से 250 से अधिक जांच अधिकारी एवं सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक का हुआ आयोजन

- सांसद मंजू शर्मा, राव राजेन्द्र सिंह एवं मुरारी लाल मीणा ने की शिरकत
- जयपुर जिले के विधायक एवं जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुई बैठक
- बिजली,पानी,सड़क, स्वास्थ्य जैसे जनहित के कई मुद्दों पर हुई चर्चा
- केंद्र एवं राज्य सरकारी की लोक कल्याणकारी योजनाओं का जमीनी स्तर पर हो सफल क्रियान्वयन :- सांसद राव राजेन्द्र सिंह



**चमकता राजस्थान। जयपुर, (खलील कुरैशी) 07 अक्टूबर।** जिला कलक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक का आयोजन हुआ। जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, दौसा सांसद मुरारीलाल मीणा की मौजूदगी में आयोजित हुई बैठक में जिले में बिजली, पानी, सड़क, स्वास्थ्य सहित जनहित से जुड़े अहम बिन्दुओं पर चर्चा हुई।बैठक में जिला प्रमुख रमा देवी चौपड़ा, विधायक गोपाल शर्मा, महेन्द्र पाल मीणा मनीष यादव, डॉ. शिखा मील बराला, विद्याधर चौधरी, कैलाश वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि बैठक में मौजूद रहे। बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों ने जिले में अपने विभाग से संबंधित केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की कार्यप्रगति एवं क्रियान्वयन से जनप्रतिनिधियों को अवगत करवाया।बैठक में अधिकारियों बिजली एवं पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया गया। वहीं, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जेडीए अधिकारियों को बारिश के कारण टूटी सड़कों के गुणवत्तापूर्ण पुनर्निमाण एवं मरम्मत के निर्देश दिये गए। नगर निगम के अधिकारियों को जिले में सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के साथ-साथ अतिक्रमण पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए।बैठक में जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, सांसद आदर्श ग्राम योजना, स्वच्छ भारत मिशन, प्रधानमंत्री कृषि संचाई योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, दीनदयाल अन्त्योदय योजना, प्रधानमंत्री रोजगार कार्यक्रम, प्रधानमंत्री खनिज क्षेत्र कल्याण योजना, राजस्थान कौशल एवं आजीविका विकास से संबंधित योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को मौसमी बीमारियों के बढ़ते प्रकोप के मद्देनजर जिले में फॉगिंग करवाने, चिकित्सालयों में नर्सिंग कर्मियों, दवाओं एवं बिस्तरों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के साथ साथ एंटी लार्वा गतिविधियों के प्रति आमजन को जागरुक करने के लिए भी निर्देशित किया गया।

- **बैठक में यें अधिकारीगण रहे मौजूद**

बैठक में जिला कलक्टर डॉ जितेन्द्र कुमार सोनी, जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री प्रतिभा वर्मा सहित जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर नगर निगम ग्रेटर एवं हैरिटेज, ऊर्जा विभाग, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, पशुपालन विभाग, शिक्षा विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, खनिज विभाग, कृषि विभाग, वन विभाग, रसद विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## प्रमुख शासन सचिव के आश्वासन के बाद पीडब्ल्यूडी कॉन्ट्रैक्ट एसोसिएशन का धरना सात दिन के लिए स्थगित

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** पीडब्ल्यूडी कॉन्ट्रैक्ट एसोसिएशन का प्रस्तावित आठ अक्टूबर को आमरण अनशन के लिए दिए जाने वाला धरना सात दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। कॉन्ट्रैक्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राम सिंह शेखावत ने बताया कि सार्वजनिक निर्माण विभाग के प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता से उनकी सार्थक वार्ता हुई जिसमें डीएलपी, रजिस्ट्रेशन सिक्योरिटी और GST को लेकर शीघ्र ही सहमति बनाने का प्रयास किया जा रहा है वही 288 करोड़ का बकाया भुगतान 3 दिन में करने का आश्वासन दिया गया है ,प्रमुख शासन सचिव ने 15 लाख तक के बकाया भुगतान और छोटे ठेकेदारों का टाइम एक्सटेंशन एक सप्ताह में सेटल करने के निर्देश दिए है ।

एसोसिएशन के महामंत्री संजीव सिंह ने बताया कि प्रमुख शासन सचिव प्रवीण गुप्ता ने मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव तारा चंद गुप्ता तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि तीन दिन का विशेष शिविर लगाकर सभी ठेकेदारों की समस्याओं का समाधान किया जाए।

## जालंधर में कारोबारी चंद्र अग्रवाल के घर पर ईडी की दबिश, महादेव ऐप घोटाले में कार्रवाई

**जालंधर/एजेंसी।** प्रवर्तन निदेशालय ने आज 15 हजार करोड़ के महादेव ऐप घोटाले में जालंधर में मशहूर कारोबारी चंद्र अग्रवाल के घर पर दबिश दी। इस दौरान इलाके में अफरा-तफरी का माहौल रहा। ईडी की टीम तीन इनोवा गाडियों में सुबह साढ़े दस बजे चंद्र अग्रवाल के जी.टी.बी. नगर स्थित घर पहुंची।


सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने पहले भी चंद्र अग्रवाल के ठिकानों पर छापेमारी की थी। हालांकि, इस बार की छापेमारी के संबंध में अभी तक कोई अधिकारी कोई बयान देने को तैयार नहीं है। महादेव ऐप एक ऑनलाइन सट्टेबाजी ऐप था, जिसके जरिए करीब 15,000 करोड़ रुपये का घोटाला किया गया था। इस ऐप के जरिए क्रिकेट मैचों पर सट्टा लगाया जाता था। मुंबई पुलिस द्वारा दर्ज की गई एफआईआर में चंद्र अग्रवाल को मैच फिक्सिग और सट्टेबाजी में शामिल बताया गया है। एफआईआर के अनुसार, चंद्र अग्रवाल और उनके साथी दिनेश खंबाट भारत में आयोजित क्रिकेट लीग में मैच फिक्सिग के मुख्य सट्टेबाज थे और महादेव ऐप के माध्यम से सट्टेबाजी का गोरखधंधा चला रहे थे।

# जेडीए उपमहानिरीक्षक कैलाश चन्द विश्नोई के कुशल निर्देशन में 26 बीघा भूमि पर चार अवैध कॉलोनियों पर जेडीए ने करी कार्रवाई

## जेडीए ने 'श्रीराम नगर, आयशा नगर' सहित दो अन्य नवीन अवैध कॉलोनियों पर की विधिसम्मत ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

चमकता राजस्थान

**जयपुर!( खलील कुरैशी)** जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-13 में निजी खातेदारी की करीब 16 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियां को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। साथ ही जोन-10 मे ईकोलोजिकल जोन नाई की थड़ी में निजी खातेदारी करीब 10 बीघा कृषि भूमि पर नवीन अवैध कॉलोनी को प्रारंभिक स्तर पर ही पूर्णतः ध्वस्त किया गया। उप महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम बस्सी, एस.बी. आई, बैंक के पीछे, जिला जयपुर में करीब 02 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बिजली के खम्भे, सीमेन्ट के पिल्लर, टीनशेड़ व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-13 के राजस्व व







### जब जोन-13 मे 'श्री राम नगर' पर कार्रवाई, तो उसके समीप मे ही नव सृजित 'अयोध्या नगर' पर जेडीए ने क्यो दिखाई निष्क्रियता

तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम कानोता, आगरा रोड़, जिला जयपुर में करीब 08 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''श्रीराम नगर'' के नाम से विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल, प्रवेश द्वार, व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

जेडीए द्वारा जोन-13 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ग्राम सिंदोली, जिला जयपुर में करीब 06 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, मकानों की बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही जोन-13 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।साथ ही जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित ईकोलोजिकल जोन नाई की थड़ी, जिला जयपुर में करीब 10 बीघा निजी खातेदारी कृषिभूमिपर जेडीएकीबिनास्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ''आयशा नगर'' के नाम से कर विगत दिवसों में मौका पाकर रातों-रात बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सड़कें, बाउण्ड्रीवाल व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होते ही प्रारंभिक स्तर पर ही आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। संबंधित से जेडीए के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का नियमानुसार खर्चा-वसूली की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। उक्त कार्यवाही मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन आदर्श चौधरी के पर्यवेक्षण में उपनियंत्रक प्रवर्तन-प्रथम, तृतीय, प्रवर्तन अधिकारी जोन-10, 13, 12 तथा प्राधिकरण में उपलब्ध जाप्ते, लेबर गार्ड एवं जोन में पदस्थापित राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा सम्पादित की गई।

### उप महानिरीक्षक पुलिस जविप्रा जयपुर कैलाश चन्द बिश्नोई ने समस्त नागरिकों से अपील

प्रवर्तन संबंधित शिकायतों को हेल्पलाईन नं. 0141 2565800, 0141 2575252, 0141 2575151 पर 24×7 सम्पर्क कर अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे।

### आखिर नवीन अवैध कॉलोनी अयोध्या नगर पर क्यों नहीं चल पाया जेडीए का पीला पंजा?

जोन 13 के क्षेत्राधिकार स्थित कानोता मे जेडीए ने ₹श्रीराम नगर₹ पर तो विधिसम्मत ध्वस्तीकरण कार्रवाई को प्रभावी तरीके से अंजाम दिया लेकिन समीप मे ही सृजित हो रही नवीन अवैध कॉलोनी₹अयोध्या नगर₹ जेडीए की सतर्कता विभाग की नजर क्यों नहीं पड़ी आखिर जेडीए की ऐसी कौनसी मजबूरी रही जो उसे अयोध्या नगर पर कार्रवाई करने से रोक लिया यह विषय काफी पुरे दिन चर्चा में रहा उल्लेखनीय है कि नव सृजित कॉलोनी अयोध्या नगर में तमाम अनियमितता, होने के बावजूद कार्रवाई का ना होना जेडीए की निष्पक्ष कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल पैदा करता है।आपको बतादे कृषि भूमि पर बिना स्वीकृति व जविप्रा से बिना अनुमति के आवासीय कॉलोनी बसाने पर जेडीए प्रभावी कार्रवाई कर रहा है ठीक इसके विपरीत अयोध्या नगर पर जेडीए का पीला पंजा क्यो नही चला पाया गौरतलब है कि वर्तमान समय में उक्त कॉलोनी का क्षेत्रफल ओर भी बढाया जा रहा है जिस पर जेडीए प्रभावी कार्रवाई करने मे अकर्मण्य दिख रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### एसीबी ने श्रीगंगानगर में पटवारी को 20 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 07 अक्टूबर, सोमवार** । ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की श्रीगंगानगर-प्रथम इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये मुकेश कुमार पटवारी, पटवार हल्का संगीता, तहसील सूरतगढ़, जिला श्रीगंगानगर को परिवादी से 20 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया किए.सी.बी.कीश्रीगंगानगर-प्रथम इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि गिरदावरी रिपोर्ट तैयार करने की एवज में आरोपी मुकेश कुमार पटवारी द्वारा प्रति बीघा 1 हजार रुपये के हिसाब से कुल 25 हजार रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जोधपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र महावर के सुपरवीजन में एसीबी की श्रीगंगानगर-प्रथम इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पवन मीणा के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उप अधीक्षक पुलिस श्री भूपेन्द्र सोनी द्वारा मय टीम के सूरतगढ़ में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी मुकेश कुमार पटवारी को परिवादी से 20 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपीगण से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।



### कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बार में आदर्शनगर पुलिस थाना की ने मारा छापा

- **प्रतिबंधित तंबाकू फ्लेवर सहित हुक्के, चिलम, पाइप, कटोरी जब्त**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** आदर्श नगर थाना पुलिस ने कैफे की आड़ में चल रहे हुक्का बार पर कार्रवाई करते हुए कैफे की मैनेजर को गिरफ्तार किया है और पुलिस ने मौके से कई हुक्के, चिलम, पाइप, कटोरी व फ्लेवर जब्त किया है। इसके अलावा प्रतिबंधित तम्बाकू फ्लेवर-हुक्का पी रहे आठ महिला-पुरूषों का कोटपा एक्ट के तहत चालान काटा गया है। पुलिस उपायुक्त जयपुर (पूर्व) तेजस्वनी गौतम ने बताया कि आदर्श नगर थाना पुलिस ने इलाके में स्थित राजापार्क गली चार में संचालित 9 बिन्स कैफे में संचालित हुक्का बार में की गई जो एक कैफे की आड़ में चल रहा था। पुलिस को पिछले कुछ दिनों से यहां पर कैफ की आड़ में हुक्का पिलाने की सूचना मिल रही थी। जिस पर पुलिस ने एक टीम का गठन किया और पुलिसकर्मी को सादा वर्दी में भेज कर इसकी तस्दीक करवाई। इसके बाद पुलिसकर्मी के इशारा मिलने पर छापा मारा गया। जहां मौके पर पुलिस को प्रतिबंधित तम्बाकू फ्लेवर हुक्का पी रहे आठ महिला पुरूषों का कोटपा एक्ट में चालान किया गया। वहीं बिना लाइसेंस के हुक्का पिला रहे अमन पंवार निवासी अजमेर हाल कैफे मैनेजर को गिरफ्तार किया है। वहां से कई हुक्के, चिलम, पाइप, कटोरी व प्रतिबंधित फ्लेवर जब्त किया है। पुलिस कैफे संचालक की तलाश कर रही है।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम की समीक्षा बैठक

## मतदाता सूचियों में अपडेट के लिए प्राप्त सभी आवेदनों का निस्तारण हो, नए नाम जोड़े जाएं : नवीन महाजन मुख्य निर्वाचन अधिकारी

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 7 अक्टूबर।** निर्वाचन विभाग राजस्थान के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने सोमवार को अलवर स्थित मिनी सचिवालय के कलक्ट्रेट सभागार में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजस्थान के सभी जिलों में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम-2025 के तहत प्रारूप (ड्राफ्ट) मतदाता सूचियों का प्रकाशन के संबंध में समीक्षा बैठक ली।मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी को निर्देशित किया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर जिले में ड्राफ्ट प्रकाशन से पहले सूचियों के अपडेशन कार्य में तेजी लाकर इसे पूर्ण करें। उन्होंने नए मतदाताओं के नाम जोड़ने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि मतदाता सूची में नाम जोडने व स्थानांतरण के आवेदनों को अविलम्ब निस्तारित करे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि मतदान केन्द्रों के पुनर्गठन अथवा नए मतदान केंद्र के प्रस्ताव 10 अक्टूबर तक आवशयक रूप से भिजवाए जाए। उन्होंने नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, हटाने और पहचान-पत्रा में धुंधली फोटो को अपडेट करने के लिए घर-घर सर्वेक्षण के दौरान सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निस्तारण पर जोर दिया।



- **पहचान-पत्रा प्रिटिंग और वितरण में देरी नहीं हो-**

मुख्य निर्वाचन अधिकारी महाजन ने कहा कि बीएलओ अपने क्षेत्रा में 18 वर्ष आयु वाले युवाओं को मतदाता के रूप में रजिस्टर करने पर विशेष फोकस करना चाहिए। इसके लिए शिक्षण और कोचिंग संस्थाओं आदि के साथ समन्वय किया जा सकता है। उन्होंने मतदाता पहचान-पत्रों की प्रिंटिंग और बीएलओ द्वारा उनके वितरण कार्य में भी तेजी लाने के निर्देश दिए। अंतिम मतदाता सूचियों का प्रकाशन 6 जनवरी तक भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार 29 अक्तूबर को मतदाता सूचियों के ड्राफ्ट के प्रकाशन के बाद 28 नवम्बर तक इन सूचियों पर आम नागरिकों, मतदाताओं और राजनैतिक दलों आदि से दावे और आपत्तियां मांगी जाएंगी। इस बीच 9 तथा 23 नवम्बर को ग्रामीण इलाकों में ग्राम सभाओं और शहरी क्षेत्रों में वार्ड सभाओं आदि में इन सूचियों का पाठन किया जाएगा। इसी प्रकार 10 और 24 नवम्बर को बीएलओ संबन्धित मतदान केन्द्र पर मौजूद रहकर दावे-आपत्तियां और नए आवेदन स्वीकार करेंगे। सभी प्रस्तावों और आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण कर मतदाता सूचियों का प्रकाशन 6 जनवरी को किया जाएगा।रामगढ विधानसभा क्षेत्रा में नाम निर्देशन की अंतिम तिथि तक जोडे जा सकेंगे नाम-उन्होंने बताया कि रामगढ विधानसभा क्षेत्रा में उप चुनाव की घोषणा होने पर मतदाता सूची से नाम नहीं हटाए जा सकेंगे। साथ ही नए नाम नाम निर्देशन प्राप्ति की अंतिम तिथि तक जोडे जा सकेंगे। इसके लिए मतदाता ने अपनी आयु 1 अक्टूबर 2024 को 18 वर्ष पूरी किया जाना अनिवार्य है। शेष विधानसभा क्षेत्रों में नाम जोडे जाने की प्रक्रिया निरन्तर जारी रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अलवर जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने जिले में चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (एसएसआर) कार्यक्रम-2025 का पीपीटी के माध्यम से प्रजेंटेशन दिया। उन्होंने बैठक में दिए गए निर्देशों की अक्षरशः पालना कराने का विश्वास दिलाया। बैठक में मुख्य निर्वाचन अधिकारी के विशेषाधिकारी सुरेश चन्द, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रतिभा पारीक, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी चुनाव व्यय आलोक जैन, संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी (आईटी) एम. एम तिवाडी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश कायथवाल सहित जिले के समस्त निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## थीम बेस्ड होगा माइंस विभाग का राइजिंग राजस्थान प्री समिट : टी रविकांत प्रमुख शासन सचिव

चमकता राजस्थान

**जयपुर! (खलील कुरैशी) 7 अक्टूबर।** माइंस विभाग का 8 नवबंर को जयपुर में होने वाला राइजिंग राजस्थान प्री समिट निवेश प्रस्तावों पर एमओयू के साथ ही थीम बेस्ड भी होगा। खान एवं पेट्रोलियम विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने सोमवार को सचिवालय में राइजिंग राजस्थान के तहत खान विभाग के प्री समिट की तैयारियों को लेकर उच्च स्तरीय बैठक में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इससे राजस्थान की खनिज संपदा और खनन क्षेत्र की संभावनाओं से प्री समिट में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागियों के साथ ही देश दुनिया के माइनिंग क्षेत्र से जुड़े लोग रुबरु हो सकेंगे।प्रमुख सचिव खान टी. रविकान्त ने बताया कि प्री समिट को बहुआयामी व बहुउपयोगी बनाने के लिए निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल और संयुक्त सचिव माइंस आशु चौधरी के साथ वरिष्ठ अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। बीएस सोढ़ा को समन्वयक अधिकारी होंगे। प्री समिट में निवेश प्रस्तावों के एमओयू के लिए संपर्क, सहयोग व समन्वय की जिम्मेदारी अतिरिक्त निदेशक एमपी मीणा को दी गई हैं वहीं खनन क्षेत्र से जुड़े देश-प्रदेश के सरकारी,गैरसरकारी, अकादमीक व निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों से संपर्क व समन्वय की तैयारी अतिरिक्त निदेशक भूविज्ञान जयपुर आलोक प्रकाश जैन करेंगे। इसी तरह से साहित्य सामग्री तैयार करवाने और राज्य की खनिज संपदा से रुबरु कराने के लिए सारगर्भित प्रदर्शनी के लिए अतिरिक्त निदेशक पेट्रोलियम को जिम्मा दिया गया है। इसी तरह से एसएमई विजिलेंस प्रताप मीणा को अतिथियों की सूची व आमंत्रण की जिम्मेदारी दी है।सभी प्रभारी अपने टीम सहयोगियों के साथ तय समय सीमा में तैयारियां सुनिश्चित करेंगे। टी. रविकान्त ने बताया कि प्री समिट में माइंस सेक्टर से जुड़े एमओयू सत्र के साथ ही खनन क्षेत्र से जुड़े प्रमुख बिन्दुओं पर विशेषज्ञ चर्चाओं के साथ ही पैनल चर्चाएं भी रखी जाएगी ताकि प्री समिट और अधिक उपादेय हो सके। इसके साथ ही दिसंबर में आयोजित होने वाले राइजिंग राजस्थान में खनन क्षेत्र के और अधिक निवेश प्रस्ताव हस्ताक्षरित हो सके। उन्होंने की थीम को अंतिम रुप देने के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को युद्ध स्तर पर तैयारियों में जुट जाने के निर्देश दिए।निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि विभाग द्वारा प्री समिट कीआवशयक तैयारियां आरंभ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि प्री समिट में राजस्थान के माइनिंग सेक्टर को और अधिक एक्सप्लोर करते हुए निवेश, रोजगार और प्रदेश के आर्थिक विकास में और अधिक भागीदारी तय की जा सकेगी।संयुक्त सचिव आशु चौधरी ने तैयारियों की जानकारी दी। बैठक में मुख्य कार्यकारी आरएसएमईटी एनके सिंह, एसजी सुनील कुमार वर्मा, सुशील कुमार हुड़ा, डेलोइट के प्रतिनिधि व विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने हिस्सा लिया।



## अगले सत्र से पेपरलैस होगी राजस्थान विधानसभा

- **विधानसभा अध्यक्ष द्वारा विधानसभा समितियों को जवाबदेह बनाने पर दिया जा रहा विशेष महत्व**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)**विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि राजस्थान विधानसभा में कई नवाचार किए जा रहे हैं। अगले सत्र से प्रदेश की विधानसभा पूरी तरह से पेपरलैस होगी। इसके लिए सदन में तकनीकी कार्य चल रहे हैं।देवनानी उदयपुर प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को सर्किट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने मीडिया को अवगत कराया कि विधानसभा में प्रत्येक विधायक की टेबल पर आईपेड सेट किए जा रहे हैं। इसके अलावा एक-एक आईपेड विधायकों को भी दिए जाएंगे ताकि वे अपने निवास से भी सदन से जुड़े कार्य कर सकें। पेपरलैस व्यवस्था के तहत प्रश्न लगाने, जवाब देने से लेकर सभी कार्य ऑनलाइन ही संपादित किए जाएंगे। इसके अलावा विधायकों द्वारा सदन में बोलने पर त्वरित रूप से उन्हें पैनड्राईव में प्रोसेडिंग भी उपलब्ध कराने की शुरूआत कर दी है। उन्होंने अवगत कराया कि राजस्थान की विधानसभा तुलनात्मक दृष्टि से बहुत अच्छी तरह से संचालित हो रही है। गत सत्र में विधायकों की ओर से प्रस्तुत प्रश्नों में से 92 फीसदी से अधिक के जवाब प्रस्तुत किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि सभी विभागों के उच्चाधिकारियों को इसके लिए पत्र लिखें गए हैं, ताकि भविष्य में भी विधायकों के प्रश्नों का समय पर जवाब दिया जा सके।

# उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के जनशक्ति मंत्री सह व्यापार एवं उद्योग के द्वितीय मंत्री से मुलाकात की

## राजस्थान सरकार ने सिंगापुर की कंपनियों को राज्य में निवेश करने और 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया

चमकता राजस्थान

जयपुर!(खलील कुरैशी) 07 अक्टूबर। उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ के नेतृत्व में राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के जनशक्ति मंत्री सह व्यापार एवं उद्योग के द्वितीय मंत्री डॉ. टैन सी लेंग के साथ मुलाकात करके अपनी 4 दिवसीय सिंगापुर यात्रा की शुरुआत की। इस बैठक में कर्नल राठौड़ ने डॉ. लेंग को प्रदेश में निवेश आकर्षित करने के राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी देते हुए सिंगापुर सरकार से सहयोग की अपील की और सौर ऊर्जा, पर्यटन, औद्योगिक पार्कों की स्थापना जैसे क्षेत्रों में सिंगापुर और राजस्थान के बीच सहयोग करने की संभावनाओं पर विचार किया। इसके अलावा उद्योग मंत्री ने राज्य को निवेश का एक आकर्षक गंतव्य बनाने के राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी दी और कौशल विकास से जुड़े कार्यक्रमों, लॉजिस्टिक्स में सहयोग जैसे बातों की भी चर्चा की। साथ-ही-साथ, उन्होंने सिंगापुर सरकार को 9-10-11 दिसंबर को जयपुर में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में भाग लेने के लिए भी आमंत्रित किया। राजस्थान सरकार का यह प्रतिनिधिमंडल सिंगापुर की प्रमुख कंपनियों और व्यापारिक समूहों को प्रदेश में निवेश के लिए और उन्हें 'राइजिंग राजस्थान' ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 में भाग लेने हेतु आमंत्रित करने के लिए फिलहाल सिंगापुर में है। उद्योग मंत्री कर्नल राठौड़ के अलावा, राज्य सरकार के इस प्रतिनिधिमंडल में मुख्य सचिव सुधांश पंत, चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ और राजस्थान सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। अपने यात्रा के पहले दिन इस उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने कई कंपनियों के आला अधिकारियों से मुलाकात की। इनमेंसीआईआई-इंडिया बिजनेस फोरम के अधिकारियों के साथ हुई एक बैठक शामिल है, जिसमें एयर इंडिया, इंफोसिस, एक्सिस बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, एक्ज़िम बैंक, आईसीआईसीआई, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया जैसी भारतीय कंपनियों के सिंगापुर प्रतिनिधि भी मौजूद थे। इसके अलावा, प्रतिनिधिमंडल ने एंटरप्राइज सिंगापुर, जो सिंगापुर सरकार के व्यापार और उद्योग मंत्रालय के तहत एक वैधानिक निकाय है और वहां के उद्यमों के विकास के लिए काम करता है, के अधिकारियों से भी मुलाकात की। इस बैठक के दौरान, सेम्बकॉर्प, डीपी अर्बन, एनवायरनसेंस, एवरवोल्ट ग्रीन एनर्जी होल्डिंग पीटीई, इंटीग्रेटेक पीटीई, राइस रिन्यूएबल्स पीटीई, और वीफ्लोटेक पीटीई जैसी कंपनियों ने भी हिस्सा लिया। इसके अलावा, निवेश फर्म ब्लैकस्टोन सिंगापुर के साथ भी प्रतिनिधिमंडल ने अलग से मुलाकात की। इन बैठकों के दौरान उद्योग मंत्री कर्नल राठौड़ ने देश की भौगोलिक संरचना में राजस्थान की विशिष्ट उपस्थिति, और प्रदेश के कई क्षेत्रों जैसे पर्यटन, कृषि प्रसंस्करण, बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक्स, अक्षय ऊर्जा, इलेक्ट्रिक वाहन, पेट्रोकेमिकल्स और सेवा क्षेत्र में मौजूद अनुकूल माहौल की भी चर्चा की। उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने इस अवसर पर कहा, ''राज्य में व्यापार करने को सुविधाजनक बनाने के लिए राजस्थान सरकार ने कई क्षेत्रों में नई नीतियां शुरू की हैं। व्यापार के लिए अनुकूल कई क्षेत्र राजस्थान में मौजूद हैं और हमारे राज्य में विकास के असीमित अवसर हैं।''




इस अवसर पर मौजूद मुख्य सचिव सुधांश पंत ने राज्य में व्यापार के लिए अनुकूल माहौल बनाने में राज्य सरकार के प्रयासों की जानकारी दी और कहा कि राज्य सरकार ने पिछले हफ्ते ही राजस्थान निवेश प्रोत्साहन नीति (रिप्स) 2024 को मंजूरी दी है। ''रिप्स 2024 में निवेश को बढ़ावा देने के लिए कई तरह के इन्सेंटिव्स दिए गए हैं। साथ-ही-साथ, इसमें कई नए क्षेत्रों को भी जोड़ा गया है। निवेश से जुड़े मामलों के लिए यह एक अम्ब्रेला पॉलिसी होगी। इसके अलावा, कई अन्य विभाग भी अपनी नीतियों को अंतिम रूप देने की प्रक्रियामेंहैंसाथ-ही-साथ, अगले कुछ वर्षों में राज्य की अक्षय ऊर्जा उत्पादन क्षमता को चार गुना बढ़ाकर हम 100 गीगावाट करने जा रहे हैं। इसी तरह, जयपुर के बाहर बहुत जल्द एक बहुत बड़ा हाई-टेक शहर बनने जा रहा है और सिंगापुर की कंपनियां इस नए शहर के बुनियादी ढांचे के विकास में शामिल हो सकती हैं,''

इन बैठकों के दौरान, सिंगापुर की कंपनियों के अधिकारियों ने राज्य में मौजूद अवसरों और निवेश की संभावनाओं के बारे में जानने में दिलचस्पी दिखायी, खास कर अक्षय ऊर्जा, पर्यटन, बिजनेस पार्क विकसित करने, डेटा सेंटर के साथ-साथ नीमराणा जापानी क्षेत्र जैसे देश-आधारित विशेष औद्योगिक पार्क बनाने जैसे क्षेत्रों में मौजूद संभावनाओं के बारे में। इन बैठकों के दौरान राजस्थान सरकार की प्रमुख शासन सचिव (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) गायत्री राठौड़, सिंगापुर में भारत के उच्चायुक्त डॉ. शिल्पक अम्बुले तथा राजस्थान सरकार के प्रतिनिधिमंडल के अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। इसके अलावा, सिंगापुर में भारत के उच्चायोग द्वारा आयोजित एक विशेष रात्रिभोज में भी राजस्थान सरकार का यह प्रतिनिधिमंडल शामिल हुआ।

### मुख्य सरगना सहित पांच अभियुक्त गिरफ्तार, करीब 35 लाख का माल, पिकअप,अल्टो सहित कुल 04 वाहन जब्त

# उदयपुर में सुखेर पुलिस ने निर्माणाधीन मकानों से चोरी करने वाली गैंग का किया पर्दाफाश

## गैंग से पूछताछ में उदयपुर व राजसमन्द व गुजरात की पचास से अधिक चोरी की घटनाओं का खुलासा

चमकता राजस्थान

### चोरी का माल खरीदने वाले 03 अभियुक्त नामजद



जयपुर/उदयपुर!(खलील कुरैशी) 7 अक्टूबर। उदयपुर जिले की सुखेर थाना पुलिस ने निर्माणाधिन भवनों से वायर चोरी करने वाली गैंग का पर्दाफाश कर उदयपुर, राजसमंद व गुजरात में हुई 50 से अधिक चोरियों का खुलासा किया है। पुलिस ने गैंग के सरगना सहित पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 35 लाख रुपए कीमत का माल, घटना में प्रयुक्त पिकअप व अल्टो गाड़ी सहित कुल चार वाहन जब्त किए हैं। साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले तीन अभियुक्त को भी नामजद किया है।उदयपुर शहर में हो रही चोरियों की वारदातों को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक, उदयपुर योगेश गोयल ने इस सम्बन्ध में आवशयक कार्रवाई करने तथा चोरी की वारदातों का खुलासा करने के निर्देश प्रदान किये। निर्देशों की पालना में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, शहर उमेश ओझा तथा सीओ कैलाश चन्द्र द्वारा एसएचओ हिमांशु सिंह राजावत के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। थानाधिकारी द्वारा पिछले 01 वर्ष में हुई चोरी के प्रकरणों की समीक्षा कर कांस्टेबल अचलाराम, भारत सिंह तथा धनराज एवं मुखबिर तन्त्र को जानकारी प्राप्त करने के लिए लगाया गया। इसी दौरान कांस्टेबल अचला राम ने सूचना दी कि ओगणा व नाई थाना क्षेत्र के कुछ सन्दिग्ध युवक की सुखेर इलाके में आना जाना है।सूचना को कांस्टेबल अचला राम, धनराज व भारत सिंह द्वारा डवलप किया तो भैरवगढ वाली सडक की तरफ कुछ संदिग्घ युवकों व दो वाहनों के होने की जानकारी सामने आने पर टीम ने मौके से सभी पांचों संदिग्ध व्यक्तियों मांगी लाल मीणा पुत्र धर्म चन्द (30) निवासी नेताजी का बारा, थाना ओगणा, भगवती लाल मीणा पुत्र नारायण मीणा (20) निवासी केली थाना नाई, भरत मीणा पुत्र मांगीलाल (25) निवासी पिपलवास थाना नाई, मुकेश मीणा पुत्र रमेश (20) तथा कैलाश मीणा पुत्र रामलाल (25) निवासी नया गुड़ा थाना नाई, उदयपुर को राउण्ड अप कर लिया थाने पर लाकर पूछताछ की गई तो इन्होंने सुखेर थाना क्षेत्र की करीब 20 चोरियों सहित कुल 54 चोरियां करना स्वीकार किया। इस पर अभियुक्तों को गिरफतार कर इनके कब्जे से करीब 35 लाख रूपये के चोरी किया गया ब्रान्डेड वायरिंग का माल बरामद किया गया है। अभियुक्त चोरी का माल जिन व्यक्तियों को बेचते थे, उनमें से 03 को नामजद किया गया है, जिनके विरूद्ध नियमानुसार कानूनी कार्यवाही की जायेगी। अभियुक्त अलग-अलग समूह बनाकर शहर के कॉलोनियों में घूमते तथा कोई भी नया बनता हुआ मकान मिलता तो दिन के समय रैकी कर लेते कि वहां पर वायरिंग का काम शुरू हुआ है या नहीं। उसके बाद रात में पिकअप, अल्टो वमोटरसाईकिल आदि लेकर आते तथा वायर के बण्डल चोरी कर ले जाते। वायर के अधिकतर बण्डल सरगना मांगीलाल अपने कब्जे में रखता। वायर लगे होने पर वायरिंग काटकर लेकर चले जाते। कटे हुए वायरिंग के तारों को जलाकर उसमें से ताम्बा निकाल कर कबाडियों को बेच देते।अभियुक्तों से पूछताछ में और भी घटनाओं के खुलासा होने की सम्भावना है। राज्य के बाहर गुजरात आदि राज्यों में चोरी के बारे में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### 'टीरा' ने भारत में पेश किया लग्जरी स्किनकेयर ब्रांड 'ऑगस्टिनस बेडर'

- रिलायंस रिटेल ने साझेदारी की घोषणा की



**चमकता राजस्थान। मुंबई।** रिलायंस रिटेल के ओमनीचैनल ब्यूटी प्लेटफॉर्म 'टीरा' ने दुनिया के प्रमुख लग्जरी स्किनकेयर और हेयर केयर ब्रांड 'ऑगस्टिनस बेडर' को भारत में एक्सक्लूसिव रूप से लॉन्च किया है। यह ब्रांड अपने अत्याधुनिक, विज्ञान-आधारित फॉर्मूलों के लिए जाना जाता है, जो 30 वर्षों के शोध और टीएफसी 8 तकनीक पर आधारित हैं। यह तकनीक शरीर की स्वाभाविक क्षमता को सक्रिय कर त्वचा की मरम्मत और पुनर्जीवन में मदद करती है।

टीरा की सह-संस्थापक, भक्ती मोदी ने कहा, ₹हमारे प्लेटफॉर्म का उद्देश्य भारतीय उपभोक्ताओं को वैश्विक और घरेलू, दोनों बेहतरीन ब्रांड्स उपलब्ध कराना है। ऑगस्टिनस बेडर का लॉन्च भारत में हमारे लग्जरी स्किन केयर पोर्टफोलियो को और भी सशक्त बनाएगा। यह हमारे ग्राहकों के लिए एक खास अवसर है।

ऑगस्टिनस बेडर के सीईओ, चार्ल्स रोसियर ने कहा, ₹टीरा के साथ यह साझेदारी हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है, क्योंकि यह हमें दुनिया के सबसे जीवंत ब्यूटी बाजारों में से एक में प्रवेश करने का अवसर देती है।₹ ऑगस्टिनस बेडर कलेक्शन टीरा के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर व मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद और बेंगलुरु में स्थित चुनिंदा टीरा स्टोर्स पर भी उपलब्ध है।

### प्रजापत समाज जिला धौलपुर का दसवां प्रतिभा सम्मान समारोह



**चमकता राजस्थान। धौलपुर(रामदास तरुण)।** धौलपुर जिले में प्रजापति समाज का दसवां प्रतिभा सम्मान समारोह, निजी मैरिज होम बाड़ी में आयोजित किया गया! समाज में 162 प्रतिभाओं का सील्ड प्रमाण पत्र बैग एवं फाइल देकर सम्मानित किया गया! कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बत्तीलाल फुलवाड़ा प्रदेश अध्यक्ष एवं विशिष्ट अतिथी डॉ. करण सिंह रूपवास सामूहिक विवाह सम्मेलन अध्यक्ष जिला भरतपुर द्वारा कार्यक्रम को संबोधित किया गया।

मुरैना से पधारे हुए, समस्त कार्यकारिणी एवं हिंडौन से प्रगतिशील संस्थान के समस्त कार्यकर्ता, चरण सिंह वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित रहे, चरण सिंह ने कहा कि समाज के लिए शिक्षा वह शेरनी का दूध है। जिसके बल पर हम समस्त समस्याओं का समाधान करने में सफल बनते हैं। कन्हैया लाल वरिष्ठ अध्यापक कोषाध्यक्ष प्रजापति समाज जिला धौलपुर द्वारा अपनी कविता के माध्यम से वातावरण को आनंदमय बनाया। गिर्राज सिंह अध्यापक द्वारा स्वागत गान के माध्यम से सभी का स्वागत किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता गयासी राम प्रजापति जिला अध्यक्ष प्रजापति समाज धौलपुर द्वारा की गई, कार्यक्रम का संचालन मोहर सिंह वरिष्ठ अध्यापक द्वारा किया गया।

## भारत विकास परिषद डॉ. सूरज प्रकाश शाखा बाड़ी की महिलाओं द्वारा किया गया 101 कन्याओं का पूजन

चमकता राजस्थान




**धौलपुर(रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड में भारत विकास परिषद डॉ. सूरज प्रकाश शाखा बाड़ी की महिला सदस्यों द्वारा महिला संयोजिका मंजू अग्रवाल के नेतृत्व में नवदुर्गा महोत्सव के अंतर्गत 101 कन्याओं का पूजन गीता माता विद्या मंदिर किरी बाड़ी में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती एवं विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जलन कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाध्यापक मनोज पाराशर, एवं व्यवस्थापक यश पाराशर, शाखा सचिव राकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष नरेंद्र मंगल एवं महिला संरक्षक रजनी सिंगल रहीं। महिला संयोजिका मंजू अग्रवाल ने अपने उद्बोधन में कन्या पूजन के महत्व पर बोलते हुए कहा कि नवदुर्गा में कन्याओं में मां दुर्गा वास करती है कन्या पूजन से घर में सुख शांति बनी रहती है, व उपवास का भी फल मिलता है ।नवरात्रि में कन्या पूजन करने से माता रानी प्रसन्न रहती हैं, और सुख समृद्धि धन संपदा का आशीर्वाद मिलता है। कन्याओं को लंच बॉक्स, पानी बोतल , बिस्कुट उपहार स्वरूप भेंट किए गए। प्रसाद में हलवा, चना का वितरण किया गया। इस अवसर पर अनीता सिंघल , कृष्णा जिंदल, कल्पना सिंगल , नीलम मंगल, सोनम बंसल राधा गर्ग, राधा मंगल, निशा बंसल, राजकुमारी बिंदल, ममता मंगल, गिरिजा शिवहरे, रूबी मंगल किशोरी बंसल वंदना मित्तल, रेनू बंसल, राधा मित्तल, गिरिजेश मंगल, लता बंसल आदि महिला सदस्य उपस्थित रही, अंत में कोषाध्यक्ष नरेंद्र मंगल द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का संचालन बबिता बंसल द्वारा किया गया।

### एसीबी ने प्रभावी कार्रवाई कर भ्रष्टाचारी पर कसा शिकंजा

- बालोतरा में रीको का असिस्टेंट साईट इंजिनियर 40 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

**चमकता राजस्थान। जयपुर!(खलील कुरैशी) 07 अक्टूबर,** सोमवार। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. की जालोर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये मुल्तानाराम सहायक स्थल अभियंता (असिस्टेंट साईट इंजिनियर) रीको, जिला बालोतरा को परिवादी से 40 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ए.सी.बी. की जालोर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी फर्म द्वारा करवाये गये निर्माण कार्यों के बकाया बिलों को पास करने की एवज में आरोपी मुल्तानाराम सहायक स्थल अभियंता (असिस्टेंट साईट इंजिनियर) रीको, जिला बालोतरा द्वारा 1 लाख 15 हजार रूपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है।जिस पर एसीबी जोधपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस हरेन्द्र महावर के सुपरवीजन में एसीबी की जालोर इकाई के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मांगीलाल राठौड़ के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज उनके द्वारा मय टीम पुलिस निरीक्षक अरविन्द व अन्य के बालोतरा में ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी मुल्तानाराम को परिवादी से 40 हजार रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि आरोपी असिस्टेंट साईट इंजिनियर द्वारा शिकायत से पूर्व ही परिवादी से 75 हजार रुपये रिश्वत के रूप में वसूल कर लिये थे।एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में आरोपीगण से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।



## जैसलमेर जिले में थाना कोतवाली व डीएसटी की कार्रवाई

चमकता राजस्थान

### ब्लाइण्ड मर्डर की वारदात का 12 घण्टे के अन्दर खुलासा कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार, विस्तृत अनुसंधान जारी



**जयपुर/जैसलमेर!(खलील कुरैशी) 7 अक्टूबर।** जैसलमेर के कोतवाली थाना इलाके के बबर मगरा क्षेत्र में पानी के टांके में मिली दो बच्चों की लाश के ब्लाइंड मामले का थाना पुलिस व डीएसटी ने मात्र 12 घंटे के अंदर खुलासा कर दिया। मामले में पुलिस ने दो आरोपियों एहसान पुत्र वली मोहम्मद (26) एवं सोनिया बानो पुत्री नूर मोहम्मद (20) निवासी बबर मगरा थाना कोतवाली, जैसलमेर कोई गिरफ्तार कर लिया है।एसपी सुधीर चौधरी ने बताया कि सोमवार को डी ब्लॉक बबर मगरा निवासी पीरबक्स पुत्र अलादीन खान ने रिपोर्ट दी कि रविवार की शाम 6 बजे के करीब उसका बेटा मोहम्मद हसनैन उम्र करीब 7 साल व भतीजा मोहम्मद आदिल पठान पुत्र शौकत अली उम्र करीब 8 साल घर के आगे खेल रहे थे। समय पर घर नही आने पर हमने दोनों बच्चों को ढूंढना शुरु किया। सभी रिश्तेदारों, मित्र व अन्य लोग भी हमारे साथ बच्चों को ढूंढने में लग गये।रात को करीब 11 बजे अरादीन खान पुत्र सुमरे खान के खाली प्लॉट में बने पानी के टांके में दोनों बच्चों के शव मिले। सरकारी अस्पताल के डॉक्टरो ने बच्चों मोहम्मद हसनैन व आदिल पठान को मृत घोषित किया। दोनो बच्चों के शरीर पर चोटों के निशान भी थे। टांके के पानी का स्तर दो फीट का ही था। हमें पूरा अन्देशा है कि दोनों बच्चों की हत्या करके उन्हें पानी के टांके में डाला गया है। रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। वारदात की गंभीरता को देखते हुए एसपी चौधरी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर कैंप कोतवाली में रखा। सीओ राजेश कुमार शर्मा,एसएचओ कोतवाली सवाई सिंह व प्रभारी डीएसटी भीमराव सिंह को विशेष दिशा निर्देश दिए गए। एफएसएल यूनिट द्वारा मौका निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन कर अलग अलग पुलिस टीमों का गठन किया गया। अज्ञात मुल्जिमों की सरगर्मी से तलाश कर, आसूचना संकलन कर तकनीकी सहयोग से वारदात के 12 घण्टों के अन्दर ब्लाईण्ड मर्डर की गुत्थी सुलझाते हुए आरोपी एहसान व सोनिया बानो को दस्तयाब कर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों से प्रकरण में विस्तृत पूछताछ व अनुसंधान जारी है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929